तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 24 जून 2026



12 बसनी में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण ...





13 पीएम आवास सर्वे सूची से हितग्राहियों का नाम ...






## खबर संक्षेप

### मार्केट में बिकने वाली भीम का मैंगो आइस कैंडी अमानक, लगाया प्रतिबंध

दुर्ग। मार्केट में बिकने वाले कई लोकल खाद्य उत्पाद सेहत के लिए काफी खतरनाक साबित हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला भीम का मैंगो आईस कैंडी का सामने आया है। यह उत्पाद अमानक पाया गया है, जिसके बाद इसकी खरीदी और बिक्री को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। कार्रवाई नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर के निर्देश पर की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त उत्पाद का नमूना मानकता जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया था। खाद्य विश्लेषक द्वारा जारी जांच प्रतिवेदन में संबंधित उत्पाद को असुरक्षित घोषित किया गया है। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा विनियम 2011 के तहत उक्त खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ के उक्त बैच नम्बर के विक्रय पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले के सभी कैंडी विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे उक्त उत्पाद का विक्रय न करें। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित उत्पाद की बिक्री करते पाए जाने पर संबंधित विक्रेता अथवा फर्म के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित उत्पाद का उपयोग न करें तथा इसकी बिक्री की जानकारी मिलने पर प्रशासन को सूचित करें।

### आर्थिक तंगी के चलते पिता ने लगा ली थी फांसी, मां ने टीसी मांगी तो बिना फीस देने से कर दिया मना

# बाल आयोग की अध्यक्ष ने स्कूल प्रबंधन को लगाई फटकार, कहां गया शिक्षा का अधिकार?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*दुर्ग जिले के एक निजी स्कूल द्वारा शिक्षा के अधिकार कानून और भाजपा सरकार के बेटी पढ़ाओ बेटी बचाव अभियान की धज्जियां उड़ाते हुए कार्य करने का मामला सामने आया है। स्कूल प्रबंधन ने दो मासूम बच्चियों को फीस न दे पाने के चलते पहले तो दो साल तक स्कूल नहीं आने दिया। इसकी वजह से बच्चियों के पिता ने फांसी लगा ली।*

इसके बाद जब बच्चियों की मां ने दोनो बेटियों को शासकीय स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए निजी स्कूल से टीसी की मांग की तो उन्होंने बिना फीस अदा किए टीसी देने से मना कर दिया। इसके बाद मामला राज्य बाल संरक्षण आयोग पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने स्कूल प्रबंधन को फटकार लगाई और फास्टट्रैक कोर्ट में सुनवाई करने का निर्णय लिया है। उन्होंने इस मामले की सुनावाई के लिए 24 जून को स्कूल प्रबंधन और जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग को तलब किया है।

**खास बातें**

- आयोग ने स्कूल प्रबंधन और डीईओ को किया आयोग में तलब, फास्टट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई
- जिले में नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां




### बाल आयोग में की गई लिखित शिकायत

मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता सौरभ चौबे ने बताया कि कोहका हाउसिंग बोर्ड पानी टंकी के पास रहने वाली महिला रेखा रामटेके ने राज्य बाल संरक्षण आयोग में शिकायत की है। आयोग ने प्रकरण की सुनवाई शुरू कर दी है। महिला ने आयोग को बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी नित्या रामटेके (14 साल), छोटी त्रिप्सा रामटेके (9 साल) एमजे विद्यालय कोहका में पढ़ रही थीं। दो साल पहले आर्थिक तंगी की वजह से वो स्कूल की फीस नहीं दे पाई थीं। इसकी वजह से स्कूल प्रबंधन ने उन्हें स्कूल नहीं आने दिया और दोनो बच्चियों के दो साल बर्बाद हो गए। मां ने शासकीय स्कूल में दाखिला कराने के लिए बच्चियों की टीसी देने की मांग की तो स्कूल प्रबंधन ने पूरी फीस लेने के बाद ही टीसी देने की बात कही।स्कूल प्रबंधन उन दो सालों की भी फीस मांग रहा, जिस वर्ष उन्हें स्कूल तक नहीं आने दिया गया।

### आर्थिक तंगी से पिता ने लगा ली थी फांसी

रेखा रामटेके ने मामले की शिकायत अधिवक्ता सौरभ चौबे के माध्यम से राज्य बाल संरक्षण आयोग में की है।उसने आयोग की अध्यक्ष को बताया कि उसे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी है। उसके इलाज में उनका घर बिक गया और आर्थिक स्थिति खराब हो गई। पिता ने स्कूल प्रबंधन से कहा कि उनकी बेटियों को पढ़ने दिया जाए वो उनकी फीस धीरे धीरे अदा कर देगा, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने तीन पेपर होने के बाद आधी परीक्षा से ही दोनों बच्चियों को बाहर कर दिया और बिना फीस के स्कूल नहीं आने दिया। आर्थिक तंगी और बेटियों को न पढ़ा पाने की जिल्लत के चलते पिता ने फांसी लगा ली। इससे रेखा की हालत और खराब हो गई।जब वो पति की मौत के दुख और बीमारी से थोड़ा उभरी तो बच्चियों की टीसी लेने एमजे विद्यालय कुछ दिन पहले पहुंची थी, लेकिन उसे वहां से बैरंग लौटा दिया गया।

### बाल आयोग की अध्यक्ष ने लगाई जमकर फटकार

मामले की सुनवाई राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वो इस मामले की सुनवाई फास्टट्रैक कोर्ट में कर रही हैं। यह प्रकरण काफी गंभीर है। यह भाजपा सरकार की बेटी पढ़ाव बेटी बचाव और शिक्षा के अधिकार कानून दोनों को चुनौती दे रहा है। निजी स्कूल संचालक ने अपनी मनमानी करते हुए दो बच्चियों का दो साल खराब किया और अब उनसे उन दो सालों की फीस मांगकर उनकी सीटी नहीं दे रहा है। ये मामला बच्चों के शिक्षा के अधिकार से संबंधित प्रकरण था। एमजे स्कूल की तरफ से और प्रार्थी दोनों ने अपनी बात रखी। जब प्रार्थी ने पूरी बात बताई तो स्कूल प्रबंधन को काफी फटकार लगाई गई है और कहा सही पक्ष नहीं रखा तो स्कूल के संचालक को बुवलाएंगे। 23 जून बुधवार को मामले की सुनवाई फास्टट्रैक कोर्ट में होगी। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग और स्कूल प्रबंधन को सुनवाई में बुलवाया गया है।

### बच्ची की मां लगा रही गलत आरोप

एमजे स्कूल की प्रिंसिपल मनप्रीत फूलमाली का कहना है कि ये उनके समय का प्रकरण नहीं है। उन्होंने इसका पता किया है। रेखा रामटेके के दोनो बच्चों ने स्कूल में दोनो साल एग्जाम दिया है। उसके पूरे सबूत हैं। रेखा रामटेके ने अचानक टीसी की मांग की और फीस माफ करने की बात रखी। एमडी सर से बात करके फीस माफ करने की बात कही गई, लेकिन महिला ने आयोग में शिकायत कर दी। हमें आयोग में बुलाया गया था, हमारे प्रतिनिधि ने सभी दस्तावेज के साथ जानकारी देने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है।

**जानकारी नहीं है**

घटना और नोटिस के बारे में जानकारी नहीं है। न नहीं इस संबंध में किसी प्रकार का नोटिस मिला।

-**अरविंद मिश्रा**, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

## कचांदुर में अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, 3200 किलो जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के जेवरा-सिरसा चौकी क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में तैयार गुटखा, कच्चा माल और गुटखा निर्माण में इस्तेमाल होने वाली मशीनें जब्त की गई हैं।

जानकारी के अनुसार यह गोडाउन मो. मुस्तफा का है, जिसे उत्तर प्रदेश निवासी शानु खान ने किराए पर लिया था। दोनों के बीच बाकायदा किरायानामा भी हुआ था। पिछले 20 से 25 दिनों से गोडाउन बंद पड़ा था, जिससे वहां तैनात गार्ड को संदेह हुआ। गार्ड ने इसकी सूचना गोडाउन मालिक मो. मुस्तफा को दी। मुस्तफा ने किरायेदार शानु खान से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही जेवरा-सिरसा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को बुलाया गया। जांच के दौरान गोडाउन के भीतर अवैध रूप से



- 20 दिन से बंद था गोडाउन, यूपी निवासी ने किराए के गोडाउन

गुटखा निर्माण का काम संचालित होने के प्रमाण मिले। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी जितेन्द्र कुमार नेले और खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारद कोरडे की मौजूदगी में की गई कार्रवाई में 1600 किलो तैयार गुटखा, 1600 किलो मिक्स सुपारी, कत्था पीसने की मशीन, इलायची पीसने की मशीन तथा गुटखा मिक्सिंग मशीन जब्त की गई। अधिकारियों ने पूरे परिसर को सील कर दिया है। मामले में संबंधित व्यक्तियों की तलाश की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

**भिलाईनगर और कोतवाली थाना का मामला**

## हुडको में स्कूटी और न्यायालय के बाहर से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वाई शेप ब्रिज के नीचे नर्सरी के पास हुडको में खड़ी स्कूटी और जिला न्यायालय के सामने खड़ी बाइक को किसी ने पार कर दिया है। प्रार्थियों की शिकायत पर भिलाईनगर और कोतवाली थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बीएड की छात्रा अर्चना यादव ने पुलिस को बताई कि वे कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी कि वाई शेप ब्रीज के नीचे नर्सरी के पास गाड़ी अचानक बंद हो गई। चालू नहीं होने पर सुबह करीब 8.30 बजे वाई शेप ब्रीज के नीचे नर्सरी के पास खड़ी कर कॉलेज चली गई थी। कॉलेज से दोपहर लगभग 10 बजे वापस आकर देखी तो जिस स्थान पर अपनी गाड़ी खड़ी की थी वहां पर नहीं थी। वहीं दूसरे मामले में भिलाईतीन निवासी प्रार्थी नीरज वैष्णव उम्र 29 साल ने कोतवाली पुलिस को बताया कि

- भिलाई नगर और कोतवाली पुलिस ने शुरू की जांच

वे अपने चाचा आर रामा राव की बाइक क्रमांक सीजी 07 एटी 9356 से जिला न्यायालय दुर्ग में पेशी के लिए गया था। दोपहर करीब 120 बजे बाइक को न्यायालय दुर्ग के बाहर लॉक कर अंदर चला गया। शाम करीब 5.30 बजे वापस आकर देखा तो बाइक को किसी ने चोरी कर लिया था।

## अवैध शराब के साथ 6 आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन और बिक्री में संलिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना उतई, रानीतराई, खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र में पांच अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार 21 और 22 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग टीमों ने दबिश देकर कार्रवाई की। इस दौरान कुल 297 पौवा और 14 बोतल अवैध शराब, बिक्री से प्राप्त 20,780 रुपये नकद तथा परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

थाना उतई क्षेत्र के ग्राम पतोरा में पुलिस ने पुरेंद्र ठाकुर और शिवराम यादव को मोटरसाइकिल से 32 पौवा अवैध शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया। वहीं मुक्तिधाम रोड पतोरा से दिलेश कुमार पारधी के कब्जे से 30 पौवा अवैध शराब जब्त की गई। थाना रानीतराई क्षेत्र के ग्राम घोरारी में आरोपी नोगेंद्र बंजारे को अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से 203 पौवा शराब और 700 रुपये नकद बरामद हुए। थाना खुर्सीपार क्षेत्र के उड़िया बस्ती बापूनगर में मुबारक हुसैन के पास से 32 पौवा शराब और 6 हजार रुपये नकद जब्त किए गए। इसी तरह थाना छावनी क्षेत्र के शीतला मंदिर कॉम्प्लेक्स खंडहर के पास शुभम तागड़े के कब्जे से 14 बोतल शराब और 200 रुपये बिक्री रकम बरामद की गई। जब्त सामग्री में कुल 297 पौवा, 14 बोतल अवैध शराब, 20,780 रुपये नकद और मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 केए 5938 शामिल है।

- पुलिस ने उतई, रानीतराई और छावनी में की कार्रवाई

**पाटन थाना क्षेत्र की घटना**

## सामुदायिक भवन निर्माण के दौरान ठेकेदार व मजदूरों से विवाद, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पाटन थाना अंतर्गत ग्राम अरसनारा में सामुदायिक भवन निर्माण के दौरान ठेकेदार व श्रमिकों से विवाद का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकाश साहू, तेजप्रकाश साहू व अन्य के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार रमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि ग्राम अरसनारा में 23 जून सुबह 7.30 बजे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने पर तेजप्रकाश साहू, प्रकाश साहू, कुलेश्वर साहू व तोरण साहू सभी परिवार के सदस्यों द्वारा अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय काम को बंद करा दिया। साथ ही टंगिया पकड़कर मारने के लिए दौड़ाया गया। इसके कारण श्रमिकों को जान का खतरा बना हुआ है। रमेश ने बताया कि चूंकि उक्त निर्माण कार्य को प्रकाश साहू के द्वारा न्यायालय में दिए गए आवेदन पर सुनवाई के बाद खारिज करते हुए निर्माण का कार्य प्रारंभ करने का आदेश दिया गया है। इसके अनुपालन में निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए ग्राम कोटवार द्वारा प्रकाश साहू को 2 दिन पूर्व लकड़ी हटाने के लिए बोला गया था। मंगलवार को कालम गड्ढा खुदाई के लिए निर्माण स्थल पर जेसीबी लेकर गया था। जहां पर प्रकाश साहू व उनके परिवार के सभी सदस्यों द्वारा विरोध करते हुए काम बंद करा दिया गया।

## हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले युवकों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

थाना मोहन नगर पुलिस ने धमधा नाका मंडी क्षेत्र में धारदार हथियार लहराकर आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बनाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बटनदार स्टील के धारदार हथियार जब्त किए हैं।

दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शैलेन्द्र पाण्डेय उर्फ चिन्टू (26 वर्ष), निवासी तितुरडीह, दुर्ग तथा सोहेल खान उर्फ बाबू (23 वर्ष), निवासी केजीएन चौक, केलाबाड़ी दुर्ग के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 22 जून को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि धमधा नाका मंडी के पास दो युवक धारदार हथियार लहराकर राहगीरों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना मोहन नगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के पास से एक-एक बटनदार स्टील का धारदार हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने बिना वैधानिक अनुमति हथियार रखने और सार्वजनिक स्थान पर उसका प्रदर्शन कर लोगों में भय उत्पन्न करने के आरोप में कार्रवाई की। इस मामले में थाना मोहन नगर में धारा 25 और 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

- मोहन नगर पुलिस ने दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा




## खबर संक्षेप

### बोरसी-पोटिया टंकी की पाइपलाइन में लीकेज जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत पांच बिल्डिंग क्षेत्र में मुर्गी फार्म के पास बोरसी-पोटिया टंकी को भरने वाली राइजिंग पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण बड़ी मात्रा में शुद्ध पेयजल का रिसाव हो रहा है। जल संरक्षण एवं सुचारू जलापूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगम द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य 24 जून को किया जाएगा। 24 जून को शाम की जलापूर्ति पर पड़ेगा असर मरम्मत कार्य के दौरान वार्ड क्रमांक 49, 50, 51, 52, 53, 54 एवं 46 के कुछ क्षेत्रों में 24 जून की शाम की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। निगम प्रशासन ने नागरिकों से आवश्यकतानुसार पूर्व में पानी संग्रहित करने तथा सहयोग करने की अपील की है। 25 जून की सुबह से जलापूर्ति सामान्य होगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद 25 जून 2026 की सुबह से जलापूर्ति पुनः सामान्य रूप से शुरू कर दी जाएगी। निगम ने अस्थायी असुविधा के लिए नागरिकों से खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपेक्षा की है।

### सभी कंपनियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों की जाए जांच : जकां

**भिलाई।** जनता कांग्रेस युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनुरुध वर्मा ने सभी औद्योगिक क्षेत्रों, फैक्ट्रियों एवं निजी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों तथा बाहरी व्यक्तियों के विशेष सत्यापन अभियान चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश के विभिन्न हिस्सों में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में दुर्ग जिला, जो प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र है, वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों का समय-समय पर सत्यापन किया जाना आवश्यक है, ताकि जिले की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, श्रम विभाग एवं औद्योगिक प्रबंधन से मांग की है कि दुर्ग जिले के समस्त औद्योगिक क्षेत्रों एवं कंपनियों में विशेष जांच अभियान चलाकर कर्मचारियों एवं ठेका

# बीच-बचाव करने पहुंचे युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला, गले में आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वैशाली नगर थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हो रहे विवाद को शांत कराने पहुंचे एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। देर रात नाश्ता दुकान संचालक अन्नू यादव पर कुछ लोगों ने ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल अन्नू को पहले सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल युवक के भाई की शिकायत पर गोकूल उर्फ भूरू के खिलाफ धारा 109, 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार घायल की पहचान अन्नू यादव के रूप में हुई है, जो वृंदानगर वार्ड 29 में अपने घर के सामने नाश्ते की दुकान चलाता है। बताया जा रहा है कि देर रात अन्नू पर अचानक हमला किया गया और आरोपियों ने उस पर कई बार चाकू से वार किए। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों और परिजनों ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वारदात के बाद इलाके में दहशत और तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर वैशाली नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश हमले की मुख्य वजह मानी जा रही है। हालांकि दोनों पक्षों के बीच विवाद किस बात को लेकर था, इसकी जांच अभी जारी है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी है।

## गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती, हमलावरों की तलाश में जुटी पुलिस

### घायल के भाई ने थाने दर्ज कराई एफआईआर

पुलिस को दी शिकायत में इंदिरा गांधी कॉलेज के पास धर्मेंद्र किराना दुकान के पास निवासी चुन्नू कुमार यादव (27 वर्ष) ने बताया कि 22 जून की रात करीब 9.30 बजे मोहल्ले के बन्नी शर्मा ने उसे सूचना दी कि उसके भाई अन्नु कुमार यादव पर गोकूल उर्फ भूरू ने चाकू से हमला कर दिया है और उसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला ले जाया गया है। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अन्नु कुमार यादव को स्पर्श अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उसका इलाज चल रहा है।



### अंडा ठेले से उठाया चाकू और गले में मार दिया

घटना के संबंध में अन्नु के दोस्तों ने बताया कि रात करीब 9.15 बजे इंदिरा कॉलेज के पास धर्मेंद्र किराना दुकान के समीप गोकूल उर्फ भूरू का भुनेश्वर साहू और प्रेम कुमार सिंह के साथ विवाद हो रहा था। इसी दौरान अन्नु कुमार यादव झगड़ा शांत कराने पहुंचा। आरोप है कि गोकूल उर्फ भूरू ने उससे गाली-गलौज करते हुए कहा कि तू कौन होता है बीच-बचाव करने वाला और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने पास में लगे अंडा ठेले से चाकू उठाया और अन्नु कुमार यादव पर हमला कर दिया। चाकू उसके गले में लग गया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि गोकूल उर्फ भूरू ने हत्या की नीयत से चाकू से हमला किया।

## तार फेंसिंग कर जमीन पर पहले अतिक्रमण किया, अवैध प्लॉटिंग की थी तैयारी

# बसनी में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण प्रशासन ने मौके पर पहुंच चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, अवैध प्लॉटिंग का खेल थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। कोहका, जुनवानी, कुरूद, हाउसिंग बोर्ड सहित आसपास का क्षेत्र इसका हब बना हुआ है। लगातार शिकायतों के बाद भी इन क्षेत्रों में कार्रवाई नहीं हो रही है। माफिया इतने हावी हैं कि उनके सिफारिशों पर सड़क तक बना दी जा रही है। हर बार इस क्षेत्र में जांच और कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर ग्राम बसनी के आसपास सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की गई। धमधा तहसील के ग्राम बसनी में शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से पूरी तरह मुक्त कराकर सुरक्षित किया गया। बसनी में लंबे समय से कुछ रसूखदार ग्रामीणों द्वारा शासकीय जमीनों पर झटका तार लगाकर और अवैध रूप से धान की फसल (खरीफ व रबी) बोकर कब्जा किया गया था। इस गंभीर शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते कलेक्टर ने तहसीलदार धमधा द्वारा हल्का पटवारी से अतिक्रमण प्रतिवेदन मंगाया, जिसके बाद दर्ज अतिक्रमण प्रकरण में गहन जांच व सुनवाई करते हुए अनावेदकों के खिलाफ विधिवत बेदखली आदेश पारित किया गया।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर राजस्व विभाग ने की कार्रवाई





### राजस्व की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में हटाया कब्जा

इस आदेश के परिपालन में राजस्व विभाग ने बसनी के सक्रिय सहयोग से संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। तहसीलदार मीना साहू ने बताया कि प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अनावेदक सेवाराम लोधी द्वारा शासकीय खसरा नंबर 1077 में से 20 डिसमिल और खसरा नंबर 1188 में से 0.34 हेक्टेयर पर किए गए कब्जे को हटाया, साथ ही राजकुमार लोधी के कब्जे से खसरा नंबर 1077 की 7 डिसमिल तथा राजकपूर लोधी के कब्जे से इसी खसरा नंबर की 13 डिसमिल भूमि को मुक्त कराया। इसके अलावा एक अन्य अनावेदक शिवकुमार मौर्य द्वारा शासकीय खसरा नंबर 1077 की 8 डिसमिल भूमि जिस पर आम के पेड़ लगे थे और खसरा नंबर 1076 के 0.19 हेक्टेयर रकबे पर किए गए अवैध कब्जे व झटका तार को पूरी तरह साफ कर जमीन को शासन के पक्ष में सुरक्षित किया गया।

### भिलाई-दुर्ग में लंबे समय से चल रहा खेल शिकायत का भी असर नहीं

बता दें कि अवैध प्लाटिंग, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का खेल भिलाई-दुर्ग के आउटर क्षेत्रों में लंबे समय से चल रहा है। लगातार इसे लेकर शिकायतें भी सामने आई हैं, लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। दुर्ग में मोहलाई, पुलगांव, कोलिहापुरी, पोटिया, धनोरा, हनोदा, पुरई, उमरपोटी, बघेरा, उरला, बोरसी, चिखली, जेवरा-सिरसा में अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। इसी प्रकार भिलाई में रिसाली, कोहका, जुनवानी, खम्हरिया, कुरूद, हाउसिंग बोर्ड सहित आसपास के क्षेत्रों में प्लाटिंग हो रही है। इसे लेकर समय-समय पर शिकायत भी की गई है। इधर बसनी में हुई कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक धमधा, राजस्व निरीक्षक पेण्ड्रावन, हल्का पटवारी और ग्राम पंचायत सचिव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दानीकोकड़ी में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दानीकोकड़ी में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना निरस्त करने की मांग ग्रामीणों ने की है। स्थानीय जनप्रतिनिधि ने भी इसका समर्थन किया है। दानीकोकड़ी में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना का सुशासन त्योहार में भी ग्रामीणों ने विरोध किया था। सुशासन त्योहार के दौरान दस ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा इसके विरोध सौंपे गए लगभग तीन हजार आवेदन शामिल हैं। ग्रामीणों के आवेदन पर शासन ने इस संबंध में जिले के खनिज महकमा के अधिकारियों से जांच प्रतिवेदन मांगा गया था। इस मामले में उपसंचालक खनिज दुर्ग ने भी शासन को जांच प्रतिवेदन तैयार कर भेजा है। जानकारी के अनुसार अवर सचिव, खनिज साधन विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर को भेजे गए रिपोर्ट में बताया गया है कि सहायक खनिज अधिकारी ने मौका निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना दानी कोकड़ी लाईमस्टोन ब्लॉक कुल क्षेत्र 448.170 हे. का ग्रामीणों के रोजगार का जरिया कृषि होना, प्राचीन बसाहट के चलते भावनात्मक लगाव, निकटतम शिवनाथ नदी एवं आमनेर के प्रदूषित होने तथा ग्राम सभा ग्राम पंचायत से प्रस्ताव प्राप्त किये बिना चूना पत्थर खनन परियोजना स्वीकृत करने के चलते सभी ग्रामीणों द्वारा उक्त प्रोजेक्ट का विरोध किया जा रहा है। प्रतिवेदन के साथ उपसंचालक खनिज ने उक्त प्रकरण के संबंध में अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायती मांग पत्रों की छायाप्रति भी प्रेषित की है। दानीकोकड़ी में प्रस्तावित चूना पत्थर खनन परियोजना को निरस्त करने एवं अवैध ड्रोन सर्वे पर तत्काल रोक लगाने की मांग करने वाले पूर्व जनपद सदस्य ईश्वरी कुमार निर्मल ने बताया कि दानीकोकड़ी, करेली, परोड़ा, बसनी, सिल्ली, परसुली, कन्हारपुरी, तुमाकला, गाड़ाघाट, खिलौराकला के ग्रामीणों ने लगभग 3000 आवेदन सौंपे हैं। वहीं सरपंच गणेश राम सिल्ली, सरिता बाई खिलौरा कला, देहती तुमकला एवं सरपंच बसनी हेमिन ने भी आवेदन किया है। प्रस्तुत लेख में खनन परियोजना को निरस्त करने की मांग की गई है।

- जांच प्रतिवेदन तैयार कर शासन को भेजा गया

# वार्डों में विकास कार्यों की सौगात, महापौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर अलका बाघमार ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान वार्ड 29 अस्पताल वार्ड, वार्ड 24 आमदी मंदिर वार्ड तथा वार्ड 52 बोरसी क्षेत्र में नाली, पुलिया, सड़क सीमेंटीकरण एवं मुक्तिधाम जीर्णोद्धार सहित अनेक विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई।

- नागरिकों को मिलेगी मूलभूत सुविधा

वार्ड 29 अस्पताल वार्ड में भागीरथ के घर से मदन यादव के घर तक विभिन्न स्थानों पर नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके अलावा सिद्धेश्वर शिव मंदिर से फरिश्ता कॉम्प्लेक्स, लाला जियो सेंटर होते हुए बबली कॉर्नर तक नाली निर्माण कार्य प्रारंभ करने की घोषणा की गई। वहीं वार्ड 24 आमदी मंदिर वार्ड में भी नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर नागरिकों को बेहतर जल निकासी सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड 52 बोरसी स्थित मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार कार्य का भी विधिवत भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही डॉ. गोमास्ता के घर से एसडी विश्वकर्मा के घर तक सड़क सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य तथा महावीर खेल मैदान से बिजली ऑफिस होते हुए द्वारिकापुरी की ओर नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई।

कार्यक्रम में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, पार्षद बबिता गुड्डु यादव, पार्षद गुलशन साहू, पार्षद पायल पाटिल,रंजीता पाटिल, अनूप पाटिल,उपअभियंता अपर्णा मिश्रा,मंडल अध्यक्ष हरीश चौहान एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# गांजा बेचने की फिराक में महिला समेत पकड़े गए तीन आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सिटी कोतवाली पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट एसीसीयू की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर कुछ लोग अवैध गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शिवनाथ नदी रोड मुक्तिधाम, सारथी पारा स्थित सुलभ शौचालय के पास तथा दाई-दीदी भवन के पास घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम चन्दू देवांगन (32 वर्ष), महेश सारथी (56 वर्ष) और मनीषा सारथी उर्फ बिन्नी (26 वर्ष) बताए। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) एवं 27(क) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। बाद में सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।





- सिटी कोतवाली पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त कार्रवाई

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को किया याद, अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिला कार्यालय, प्रियदर्शिनी परिसर भिलाई में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर मिश्रा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेगा का उद्घोष करते हुए जम्मू-कश्मीर में परमिट व्यवस्था का विरोध किया था। इसी आंदोलन के दौरान वे बिना परमिट कश्मीर गए, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में संदिग्ध परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर का पूर्ण रूप से भारत का अभिन्न अंग होना डॉ. मुखर्जी के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद् थे। वे मात्र 35 वर्ष की आयु में विश्वविद्यालय के कुलपति बने थे। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कश्मीर में लागू परमिट व्यवस्था का विरोध किया और देश की एकता के लिए संघर्ष किया बलिदान दिया। जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रहित के मुद्दों पर मतभेद होने के कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई और जनसंघ के प्रथम अध्यक्ष बने। स्वागत भाषण कार्यक्रम प्रभारी योगेन्द्र सिंह ने दिया। मंच संचालन महामंत्री मनीष अग्रवाल तथा आभार प्रदर्शन सचिन ताम्रकार ने किया। इस अवसर पर सिंधी अकादमी की अध्यक्ष एवं महामंत्री सुषमा जेठानी, पूनम शुक्ला, चन्ना केशवलु, त्रिलोचन सिंह, शैलेंद्र सिंह प्रेमलाल साहू, विजय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



## कांग्रेस के पूर्व पार्षदों में मौके पर पहुंचकर दर्ज कराया विरोध

# उत्कल नगर में दो साल बाद भी नहीं खुला शौचालय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग शहर के वार्ड नंबर 48 का उत्कल नगर शहर का एकमात्र ऐसा मोहल्ला है, जहां के 70 प्रतिशत से ज्यादा घरों में निजी शौचालय नही हैं। ये झोपड़ी नुमाघर इतने छोटे हैं कि शौचालय बनाने की जगह ही नहीं है। वे वर्षों से सार्वजनिक शौचालय की बाटजोह रहे हैं। न्यू पुलिस लाईन के पास सार्वजनिक शौचालय बन भी गया है।

- विवाद के बाद किया गया था शौचालय का निर्माण

थोड़ा सा ही काम बाकी है लेकिन निर्माण के बाद भी पिछले पौने दो साल से वहां ताला लटक रहा है। बचे हुए नाममात्र के काम को पूरा कर इस शौचालय का लोकार्पण करने में नगर निगम प्रशासन पता नहीं किस शुभ मुहूर्त की प्रतिक्षा कर रहा है। कांग्रेस के नगर निगम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब्दुल गनी, देवकुमार जंघेल, लिखन साहू, वार्ड 48 पूर्व पार्षद महेश्वरी ठाकुर, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, संजय सिंह, भोला महोबिया, मनोज चंद्राकर, मनीष यादव, डॉ. छत्रसाल गायकवाड, राजकुमार वर्मा, युवराज ठाकुर, आदि ने उत्कल नगर के लोगों से चर्चा करने के बाद उक्त शौचालय का अवलोकन किया और निगम प्रशासन से मांग की है कि उसका जो पांच-सात प्रतिशत काम बचा है उसे तत्काल पूरा कराकर उसे प्रारंभ कराया जाए ताकि उत्कल नगर के बाशिंदों की विकट समस्या का समाधान हो सके, जो शौचालय के अभाव में कई किलोमीटर दूर पैदल चलकर नित्यकर्म से निवृत्त होने जाते हैं। खासतौर पर महिलाओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पहले वे रेल पटरी के पास जाते थे लेकिन रेलवे प्रशासन ने सख्ती बरती और कई लोगों के खिलाफ एफआईआर तक करा दी। ठगड़ा बांध के सौंदर्यीकरण के बाद और ताल पुरी में फैंसिंग लगने के बाद अब उन्हें कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। महिलाओं को तो अंधेरा होने की प्रतिक्षा करनी पड़ती है।



### विरोध के बाद भी हुआ निर्माण लेकिन उपयोग नहीं

लोगों की इस समस्या का समाधान करने तात्कालीन पार्षद महेश्वरी ठाकुर के प्रयास से पहले बस्ती के पास ही सार्वजनिक शौचालय स्वीकृत हुआ लेकिन इसके लिए खोदे गए गड्ढे मे गिरकर एक बच्चे की मौत होने की दुखद घटना के बाद इसका विरोध होने से शौचालय निर्माण नहीं हो पाया। बाद में न्यू पुलिस लाइन के पास पुलिस कर्मियों के विरोध के बावजूद इसका निर्माण हुआ। थोड़ा सा ही काम बचा था और नगर निगम में सत्ता बदल गई। नतीजतन इसका काम रोककर वहां ताला जड़ दिया गया। इससे उत्कल नगर के लोग आज भी परेशानी उठा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन से इसकी सुध लेकर इसे जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की है।

# स्वस्थ महिला ही परिवार, समाज और राष्ट्र की आधारशिला : सविता वर्मा



**दुर्ग।** कर्मचारी नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जागृति महिला समिति, आदर्श महिला समिति एवं नटराज फिटनेस एंड डांस अकैडमी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें कॉलोनी की महिलाओं एवं बच्चों ने हिस्सा लिया। जागृति महिला समिति की अध्यक्ष सविता रजनीश वर्मा ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली का भी आधार है। उन्होंने कहा कि यदि महिलाएं शिक्षित और स्वस्थ रहेंगी तो परिवार, समाज, राज्य और देश भी स्वस्थ एवं सशक्त बनेगा। उन्होंने सभी महिलाओं से नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। आदर्श महिला समिति की अध्यक्ष इंदु ढोक ने महिलाओं को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा अधिक से अधिक संख्या में योग गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं नटराज फिटनेस एंड डांस अकैडमी की संचालिका पी. अर्निका ने योगाभ्यास का संचालन करते हुए विभिन्न योगासनों एवं उनके लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में टी. पदमा, अनीता, पूर्णिमा, राजश्री, बबीता, किरण, इंदु जैन, अनु, इला, मीना, हेमलता भारती, स्मिता, वंदना, तान्या, राधिका, रुक्मणी, वैशाली, मंजू वासनिक, संगीता, सुनीता सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी की महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### एचपीवी टीकाकरण में पीएचसी हनोदा जिले में अग्रणी

**अंडा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हनोदा द्वारा 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में उल्लेखनीय सफलता हासिल की जा रही है। यह अभियान बालिकाओं को भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस कार्य में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्टाफ नर्स, एलएचवी, फील्ड स्टाफ, सुपरवाइजर एवं मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीशांत दुबे स्वयं प्रतिदिन टीकाकरण सत्रों में उपस्थित रहकर अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

### तेल और गैस मुक्त पाक कला दिखाई ग्रामीणों ने

**ओखरा (मुरमुन्दा)।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल पूर्ण होने पर रंगोली एवं ऑयल और गैस मुक्त पाक कला का आयोजन हुआ। रंगोली एवं तेल और गैस फ्री फूड स्पर्धा के प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार पुष्पा साहू सरपंच मुरमुंदा एवं जनपद सदस्य हेमा साहू ने प्रदान किया। ऑयल गैस फ्री फूड में प्रथम नीरा यादव, द्वितीय एकता भोजराज साहू, तृतीय किरण पटेल, चतुर्थ याशना जांगड़े व पांचवें स्थान ललिता साहू रहे है।

## निधन

### पीताम्बर लाल बेलचंदन



**निकुम।** ग्राम निकुम निवासी सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक पीतांबर बेलचंदन 74 वर्ष का निधन 23 जून मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेंद्र बेलचंदन के पिता व धनंजय बेलचंदन के दादा थे।

### एसी छबलानी



**भिलाई।** सिंधी ब्रादर मंडल के संरक्षक और बीएसपी से सेवानिवृत डीजीएम एसी छबलानी हुडको निवासी का निधन हो गया। अंतिम यात्रा बुधवार 24 जून को निवास स्थान से सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### रत्नाकांता कोठारी



**भिलाई।** मकान 15/बी, सड़क-2 सेक्टर-2 निवासी 77 वर्षीय रत्नकांता कोठारी का निधन मंगलवार की शाम 6 बजे हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 जून की शाम 4 बजे निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे महावीरचंद कोठारी की पत्नी, अशोक, विजय कोठारी की माता थीं।

### हीरामन तेली



**भिलाई ।** वरिष्ठ श्रमिक नेता हीरामन तेली (80)का निधन हो गया। वे गौरी देवी के पति, सोहन, दानेश्वर एवं महेश्वरी साहू के पिता थे।

समक्ष श्रीमान् पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग

**शपथपत्र**

मैं के आलम्मा K ALLAMMA पति के सत्यम निवासी 5 ई सड़क-8 जोन-01 सेक्टर-11 खुर्सीपार भिलाई तह.व जिला-दुर्ग छ.ग. की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन कर शपथपूर्वक बयान प्रस्तुत करती हूं-

1) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ।

2) यह कि मेरे पति के सत्यम ने अपने जीवन काल में एल.आई.सी भिलाई 1 से पॉलिसी प्राप्त किया था जिसका पॉलिसी क्रमांक-387074332 में के. यालम्मा K YALLAMMA व 387013187 के यालम्मा K YALLAMMA व 386637945 के आम्मला K AMMALA व 387012037 के पार्वती K PARWATI नामिनि के रूप में दर्ज है।

3) यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक xxxx xxxx 8418 व पेन कार्ड क्रमांक KRTPK2267K व बैंक पास बुक में मेरा नाम के आलम्मा K ALLAMMA दर्ज है।

4) यह कि के आलम्मा K ALLAMMA व के. यालम्मा K YALLAMMA व के. यालम्मा K YALLAMMA व के आम्मला K AMMALA व के पार्वती K PARWATI व चारो अलग-अलग नाम है किन्तु व्यक्ति एक अर्थात् ये चारो ही नाम मुझ एक व्यक्ति का नाम है।

5) यह कि शपथ पत्र एल.आई.सी भिलाई-1 के सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष नामिनी के रूप में मेरा नाम के आलम्मा K ALLAMMA दर्ज किये जानें बाबत् पेश है।

K ALLAMMA
शपथकर्ती

# सेलूद चौक से चुनकट्टा, मुड़पार, गनियारी मुख्य मार्ग जर्जर, ग्रामीण परेशान

## डीएमएफ में योगदान के बावजूद अव्यवस्था के बीच रहने को मजबूर है ग्रामवासी, झेल रहे हैं समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

सेलूद चौक से चुनकट्टा, मुड़पार होते हुए गनियारी तक जाने वाला मुख्य मार्ग वर्तमान में अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर वर्षा ऋतु में सड़क पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

विदित हो कि पूर्व में भी इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर 8 वर्ष पहले ग्रामीणों द्वारा सेलूद चौक में चक्काजाम किया गया था। इसके बाद यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित की गई थी। वर्तमान में सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है और तत्काल मरम्मत एवं नवनिर्माण की आवश्यकता है।



यह मार्ग चुनकट्टा, मुड़पार, पतोरा सहित आसपास संचालित पत्थर खदानों से निकलने वाले खनिजों के परिवहन का प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग से खनिज परिवहन होने के कारण शासन को बड़ी मात्रा में राजस्व प्राप्त होता है तथा दुर्ग जिले को मिलने वाली जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) राशि में भी इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके बावजूद क्षेत्र के निवासी वर्षों से खराब सड़क की समस्या झेलने को मजबूर हैं। बारिश के मौसम में कीचड़ और गड्ढों तथा अन्य मौसम में उड़ने वाली धूल से आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। सड़क के नवनिर्माण एवं अस्थायी मरम्मत हेतु वर्ष 2025 के सुशासन तिहार में भी आवेदन प्रस्तुत किया गया था, किंतु आज तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसी प्रकार इस वर्ष के सुशासन तिहार में भी पुनः आवेदन दिया गया है, लेकिन सड़क निर्माण की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रतिदिन इस मार्ग से विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले विद्यार्थी, ग्रामीण, किसान तथा अन्य वाहन चालक आवागमन करते हैं। सभी को इस खस्ताहाल सड़क के कारण गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## ग्राम सभा में बन सकती है विवाद की स्थिति

# पीएम आवास सर्वे सूची से हितग्राहियों का नाम गायब, अपात्र होने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

**समूचे छत्तीसगढ़ में आज होनी है ग्राम सभा**

पूरे प्रदेश में 24 जून को प्रधानमंत्री आवास 2.0 के हितग्राहियो को पात्र अपात्र करने के अलावा वारियता सूची तैयार करने ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन विभागीय गलतियों की वजह से सॉफ्टवेयर की तकनीकी समस्या के कारण बहुत से हितग्राहियो ऊपर पात्र अपात्र होने का खतरा मंडरा रहा है।

इस ग्राम सभा का सभी ग्रामीणजन बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास 2.0 का सर्वे रोजगार सहायक सचिव या ऑपरेटर द्वारा किया गया है। जरूरतमंदों को इस दिन का इंतजार था। जनकल्याण समिति के संयोजक युगल किशोर आडिल ने बताया कि वर्ष 2018 के सर्वे में पात्र हितग्राहियो का आवास लगभग पूर्णता की ओर है। उस सर्वे में जो नाम छूटा था उन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास 2.0 का इंतजार था जो कि 24 को पूर्ण होने वाला है।

आडिल ने बताया कि जो पूर्व में सर्वे किया गया था उसे सर्वे के हिसाब से वर्तमान में जारी किए सर्वे सूची में अधिकांश हितग्राहियों का नाम विलोपित है। जिसकी



वजह से पंचायत प्रतिनिधियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

सॉफ्टवेयर की तकनीकी समस्या बताते हुए विभाग पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा है लेकिन इस गलती का खामियाजा प्रधानमंत्री आवास की हितग्राही सरपंच सचिव या सर्वे करने वाले कर्मचारियों को भुगतना पड़ सकता है। लोगों में गलतफहमियां बढ़ने की संभावना है और 24 तारीख को होने वाली ग्राम सभा में लगभग विवाद की स्थिति बनने की संभावना दिख रही है।

आडिल ने कहा कि शासन प्रशासन को इस दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाते हुए निर्देश जारी करना चाहिए कि सॉफ्टवेयर त्रुटि की वजह से छूटे हुए हितग्राहियो का नाम वापस जोड़ा जाए। जिससे प्रधानमंत्री आवास 2.0 का लाभ जरूरतमंद हितग्राहियों को मिल सके। शासन प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर ग्रामीण जनों को इस त्रुटि की जानकारी देने के अलावा भविष्य में छूटे हितग्राहियों का नाम जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी देने हेतु निर्देशित करना चाहिए।

युगल किशोर आडिल ने शासन प्रसाशन से माग़ करते हुए कहा की छूटे हुए हितग्राहियो का नाम जोड़ने दिशा निर्देश जारी करे ताकि पात्र हितग्राहि लाभान्वित हो सके।

### हर पंचायत में साफ देखा जा सकता है अंतर

पंचायत सिपकोना पूर्व सर्वे में 382 का नाम और वर्तमान सूची 173 की है। इसी प्रकार से कुर्मी गुंडरा 259 में 213, गुजरा मे 554 मे 367,सेमरी मे 270 मे 144,कसही मे 98 मे 62,सोरम 388 मे 300,ऑंदरागहन 250 मे 109,सेलुद 700 मे 352, मर्रा 350 में 284, बेल्हारी 155 मे 143,आगेसरा 158 मे 109, गातापार 231 मे 152,बोरेंदा 272 मे 125 और पौहा 247 मे 141 का नाम नहीं है। इसी तरह से पाटन ब्लाक के अधिकांश गांव के हितग्राहियो का नाम वर्तमान जारी सूची से गायब हैं।



# सिकल सेल स्क्रीनिंग के लिए शिविर में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. बी. कठौतिया के निर्देशानुसार ग्राम धौराभाठा में सिकल सेल स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर जांच कर रोग की पहचान सुनिश्चित करना था।

■ ग्रामीणों को सिकल सेल रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की

शिविर में कुल 30 ग्रामीणों का सिकल सेल परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 2 व्यक्तियों की सोल्युबिलिटी टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त हुई। संबंधित व्यक्तियों को रोग की पुष्टि हेतु आगे की आवश्यक जांच कराने तथा चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। सेक्टर पर्यवेक्षक आर एस शांडिल्य ने शिविर के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को सिकल सेल रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बताया गया कि सिकल सेल एक आनुवंशिक रक्त विकार है, जिसकी समय पर पहचान एवं नियमित चि कि त स की य देखभाल से रोगी सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। साथ ही विवाह पूर्व एवं गर्भावस्था के दौरान जांच के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में लाभेश्वरी यदु ,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ममता चन्द्राकर ,ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक तथा क्षेत्र की मितानिनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

## फरमानिया चेरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री



**ओखरा (मुरमुन्दा)।** स्व. सरवती देवी बनारसीदास फरमानिया चेरिटेबल ट्रस्ट पेंड्रा के संस्थापक व मुख्य ट्रस्टी सुरेश फरमानिया ने स्कूल पहुचकर प्रत्येक बच्चो को चार कापियां ,पाँच पेन का सेट, और ज्ञानवर्धक पहाड़ा पुस्तक बांटी। मुख्य रूप से शा.प्राथमिक शाला दादर, मुड़पार, रिंगनी, नंदोरी, मिडिल स्कूल नारधा और मुड़पार ,नंदोरी में वितरण किया गया। इस अवसर दधीचि सिंह ,मनोज वर्मा, सरिता यादव ,पायल बंछोर , चंद्रकांत साहू, सुनील वर्मा, अमृत लाल सिन्हा, दीपक गुप्ता, अनिता पांडेय, रत्नबाला साहू आदि उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## अग्निशमन व औद्योगिक सुरक्षा में रोजगार का सुनहरा अवसर



**भिलाई।** संस्था फायर और सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू है। 10वीं, 12वीं, स्नातक और स्नाकोत्तर किसी भी संकाय से आयु 17 से 40 वर्ष फायर और औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम व फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है। मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान और रोजगार विकास के लिए पंजीकृत संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है। फायर और औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों पर होता है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन और अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है। संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट सहित अन्य कंपनियों में कार्यरत कर रहे है। संस्था भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर और सेफ्टी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों और सफल अभ्याथियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। सभी जाति वर्ग के संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

## ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।



## वार्ड 9 में नालियों की नियमित सफाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

नगर पंचायत पाटन के वार्ड क्रमांक 9 में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नगर पंचायत के कर्मचारी नियमित रूप से नालियों की सफाई कर रहे हैं। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) हेमंत कुमार वर्मा स्वयं प्रतिदिन सुबह नगर के सभी 15 वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सफाई प्रभारी हुकुम देवांगन ने बताया कि वे और सीएमओ रोज सुबह विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हैं तथा सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं।

उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नालियों की नियमित सफाई कराई जा रही है। साथ ही वार्डवासियों से मिलकर उनकी समस्याएं भी सुनी जाती हैं और उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाते हैं। वार्ड 9 के पार्षद मनोज कुर्रे ने बताया कि उनके वार्ड में सप्ताह में दो दिन नियमित सफाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि वार्ड में पेयजल की कोई विशेष समस्या नहीं है। यदि किसी दिन नल से पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती है, तो तत्काल टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाता है ताकि लोगों को परेशानी न हो।

# खपरी-सिलोदा में मनरेगा मजदूरों ने ली स्वच्छता और जल संरक्षण की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरी-सिलोदा में मंगलवार 23 जून को डोम तालाब गहरीकरण एवं नहर-नाली गहरीकरण कार्य में लगे मनरेगा के लगभग 300 मजदूरों को पूर्व सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि नारायण साहू द्वारा विशेष शपथ दिलाई गई। इस दौरान मजदूरों ने संकल्प लिया कि 1 जुलाई 2026 से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना को "जी राम जी योजना" के नाम से संबोधित करेंगे।

■ मजदूरों ने कतारबद्ध होकर लिया संकल्प, शराब सेवन रोकने की अपील

शपथ कार्यक्रम में सभी मजदूर कतारबद्ध होकर शामिल हुए और यह संकल्प लिया कि अक्टूबर 2026 से जब भी वे कार्य पर जाएंगे और कोई पूछेगा कि कहां जा रहे हैं, तो वे कहेंगे कि "हम लोग जी राम जी में कार्य करने जा रहे हैं।"इस अवसर पर जल संरक्षण और गांव के विकास को लेकर नारों के माध्यम से जागरूकता भी बढ़ाई गई। कार्यक्रम में स्वच्छता को लेकर महिलाओं को विशेष रूप से शपथ दिलाई गई कि वे खुले में शौच नहीं करेंगी, अपने घरों में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डब्बे रखेंगी तथा स्वच्छता वाहन आने पर उसी में कचरा डालेंगी। साथ ही गांव की नालियों में कचरा नहीं फेंकने का संकल्प भी लिया गया। बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति नाली में कचरा फेंकते पाया गया तो उस पर 500 का अर्थदंड लगाया जाएगा।

इसके अलावा गांव में खुलेआम शराब सेवन करने वालों को रोकने, चौक-चौराहों पर शराब पीकर गाली-गलौज करने वालों को समझाइश देने और इसकी जानकारी देने की अपील भी की गई।

महिलाओं को अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए गांव को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। ग्रामवासियों ने इस पहल को गांव के विकास, स्वच्छता और सामाजिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



# भिलाई की बसाहट को उजड़ने नहीं देंगे, करेंगे बड़ा आंदोलन : विधायक देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## बीएसपी ने की वादाखिलाफी, समर्थन के लिए कल से डोर टू डोर सर्वे




भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने कहा है कि रिटायर बीएसपी कर्मचारियों की रिटेंशन और लायसेंसी आवास स्कीम को यथावत रखे जाने और भिलाई को उजड़ने से बचाने की मांगों पर हमसे इस मामले में रोडमैप साझा किए जाने के वादे वादों पर छह महीने बाद भी प्रबंधन द्वारा अमल नहीं किया गया है। इस कारण टाउनशिप के हजारों प्रभावित आवासधारियों को परेशानी से असंतोष बढ़ रहा है। कांग्रेस और लीज संघर्ष समिति द्वारा भिलाई बचाओ आंदोलन के तहत गुरुवार से टाउनशिप, कैंप व खुर्सीपार में बीएसपी के जारी नोटिस को लेकर डोर टू डोर सर्वे अभियान चलाया जाएगा। सभी का समर्थन जुटाने के बाद इस समस्या का निदान होते तक बीएसपी के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

श्री यादव ने आज अपने सेक्टर 5 निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार व बीएसपी प्रबंधन द्वारा किसी भी स्थिति में भिलाई की बसाहट को उजड़ने या बीएसपी का निजीकरण नहीं होने दिया जाएगा। इसके खिलाफ जनता के समर्थन से आंदोलन तेज किया जाएगा। पिछले दिसंबर महीने में मैंने सेक्टर 9 अस्पताल,मैत्रीबाग जू का निजीकरण नहीं करने व रिटेंशन धारियों के 32 गुना किराया वृद्धि के कदम को वापस लेने की मांग को लेकर भिलाई बचाओ आंदोलन के तहत 5 दिन तक आमरण अनशन किया था। इस दौरान बीएसपी प्रबंधन द्वारा जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुई वार्ता में मुझसे प्रबंधन ने रिटेंशन व भिलाई की बसाहट के संबंध में प्रशासन के जरिए रोडमैप साझा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपना वादा पूरा नहीं करने और उलटे टाउनशिप, कैंप व खुर्सीपार के रिटेंशनधारियों और लायसेंसधारियों को आवास खाली कराने नोटिस थमाया जा रहा है। लीज पर आवंटित आवासों को भी खाली करवाने के लिए रजिस्ट्री रोक दी है। सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। विधायक श्री यादव ने बताया कि आधे टाउनशिप के आवासों डिस्मेंटल कर मैदान बना कीमती जमीन को निजी संस्था को दिए जाने की चर्चा चल रही है। इससे भिलाई को बसाने में अपना पसीना बहाने वाले हजारों रिटायर आवासधारियों को बेघर हो जाने की चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार व नेहरुजी की सोच समाजवादी समानता व एकता की थी,जिसके चलते उन्होंने बीएसपी जैसे पीएसयू बसाए। लेकिन केंद्र सरकार भिलाई की बसाहट को उजाड़ने का षडयंत्र कर रही है। रिटेंशन व लायसेंसी व लीजधारियों के आवासों को खाली कराना गलत है। हमने यहां की बसाहट को यथावतर रखने का संकल्प लिया है। श्री यादव ने कहा कि हमारी डबल इंजिन की सरकार व बीएसपी व सेल प्रबंधन से मांग है कि भाजपा सरकार से मांग है कि टाउनशिप, रिसाली खुर्सीपार कैंप यानी भिलाई की बसाहट को खत्म न किया जाए। प्रबंधन निजी बिल्डर को देने के बजाए आवासधारियों से सीधे किराया ले। हम अपनी मांगों के समर्थन में घर घर जाकर समर्थन जुटाएंगे और जन समर्थन से बीएसपी के खिलाफ गांधीवादी तरीके से बड़ा आंदोलन करेंगे। आंदोलन में प्रभावितों के साथ यूनियनों व लीज संघर्ष समिति व कांग्रेसजन भी शामिल होंगे। आंदोलन राहत मिलते तक जारी रहेगा। टाउनशिप में 5 से 7 हजार रिटेंशन व लायसेंस आवासधारी व पांच हजार लीजधारी हैं।

### सांसद व पांडेय के प्रयास सफल नही होंगे

विधायक देवेंद्र यादव से सांसद बघेल व पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश के पहले से रिटेंशन निदान पर बीएसपी प्रबंधन व अपनी सरकार से प्रयास करने और कहीं सरकार के इसे श्रेय की राजनीति का मुद्दा तो नहीं समझने के सवाल पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे सांसद व पूर्व मंत्री पांडेय के प्रयासों पर कोई आपत्ति नहीं है बल्कि दोनों के मेरी शुभकामनाएं हैं। लेकिन सच यह है कि रिटेंशन किराया वृद्धि को कम करने के दोनों नेताओं के प्रयासों को इसलिए कोई सफलता नहीं मिलेगी क्योंकि उनकी पार्टी की सरकार की पालिसी निजीकरण व पब्लिक सेक्टर को खत्म करने की है। इसके चलते सांसद कितना ही प्रयास की बात कर लें उन्हें रिटेंशन या लायसेंस आवासों को खाली कराने पर रोक मामले में सफलता नहीं मिलेगी। बीएसपी को प्लांट के लिए राज्य सरकार ने जमीन दी आलू के भाव में दी थी, जिसे वह निजी कंपनी को बेच नहीं सकती है। आखिर 35 हजार क्वार्टरों का बीएसपी क्या करेगी। लीज संघर्ष समिति के संयोजक राजेंद्र परगनिया ने बताया कि जमीन व लीज को लेकर सेल बोर्ड व कलेक्ट मीणा का भी स्पष्ट निर्देश है। कमिश्नर ने 8 हजार एकड़ जमीनवापस करने कहा था। बीएसपी रिटेंशन के बाद अब 5 से 7 हजार लायसेंसधारियों को भी नोटिस दे रही है। प्रेस कान्फ्रेंस में लीज संघर्ष समिति के एमजी मंडल, राजेंद्र शर्मा, रमेश पाल हरीश सहित कई रिटेंशनधारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### एनएमएमएस में दो प्रतिभाशाली छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**भिलाई।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय सह साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) 2025-26 के परिणाम घोषित हो गए हैं। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 वीं से कक्षा 12वीं तक लगातार चार वर्षों के लिए प्रति माह 1 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को आगे की पढ़ाई के लिए कुल 48 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खेरझिट्टी के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने इस राष्ट्रीय परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया है। छात्र फर्ज कुमार प्रजापति ने 124 अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर 298वीं रैंक तथा जिला स्तर पर 5वीं रैंक और दूसरे छात्र मैनेंद्र देवांगन (118 अंक) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर 513वीं रैंक और जिला स्तर पर 15वीं रैंक प्राप्त की।दोनों विद्यार्थियों ने बताया कि हमारी सफलता में जिला शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ऑनलाइन मार्गदर्शन कक्षाओं, विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा माता पिता माता-पिता को प्रेरणा का योगदान रहा। विद्यालय की प्राचार्या आशा मुदलियार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### बीएसपी की खदानों में कार्यशाला, मिले टिप्स




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा राजहरा में माइन वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर (एमवीटीसी), दो दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यशाला हुई। विषय "तेजी से हो रहे परिवर्तनों के दौर में टीम का नेतृत्व था। इसमें समूह खदानों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन सेल के पूर्व निदेशक डॉ. शोएब अहमद तथा प्रशिक्षक एवं इमेज कंसल्टेंट सुश्री आरती शर्मा ने किया। कार्यशाला में नेतृत्व कौशल, प्रभावी संचार, टीम निर्माण, परिवर्तन प्रबंधन, व्यक्तिगत प्रभावशीलता तथा संगठनात्मक उत्कृष्टता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को समूह गतिविधियों, केस स्टडी तथा संवादात्मक सत्रों के माध्यम से व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक अधिगम का अवसर प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके मानव संसाधन तथा नेतृत्व क्षमता में निहित होती है। उन्होंने बदलते कार्य परिवेश में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जीएम आरबी गहेरवार व बीरेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।

## 15 जुलाई तक सभी राशन दुकानों में चलेगा विशेष अभियान

# दुर्ग जिले में 1.83 लाख सदस्यों का ई-केवाईसी नहीं, इसमें 51 हजार 5 साल के बच्चे भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के 1.83 लाख सदस्यों ने राशन लेने के लिए ई केवाईसी नहीं करवाया है। खास बात यह है कि इनमें 51 हजार 703 बच्चे भी शामिल हैं जिनकी आयु 5 साल या इससे कम हैं। इसलिए मुख्य तौर पर परिवार के 1.33 लाख पुराने सदस्यों की ई केवाईसी अनिवार्य है जो वर्तमान में अभियान के दायरे में हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय रायपुर ने केवाईसी के लिए 15 जुलाई तक अंतिम मौका दिया है। जिला खाद्य विभाग इस तिथि पर सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों में ई केवाईसी करवाएगा। जिन सदस्यों की ई केवाईसी इस नियत तिथि पर नहीं हो पाएगा उनके नाम से राशन एलाटमेंट होना बंद कर दिया जाएगा।

### केवाईसी नहीं होने पर राशन वितरण होगा बंद



### ई-केवायसी नहीं होने पर इस तरह जानकारी अनिवार्य

- सदस्य, जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है तथा इनका बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अथवा आईरिस प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा है।
- नि :शक्तजन सदस्य इनका बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अथवा आईरिस प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा है।
- सदस्य, ऑफलाईन उचित मूल्य दुकान में संलग्न राशनकार्ड के है।
- सदस्य का आधार नंबर नहीं है।
- नोट- ऐसे सदस्यों की उचित मूल्य दुकानवार सूची, राशनकार्ड नंबर सहित सूची एवं सीडी संलग्न करना है।

### दुर्ग जिले में हो चुका 15 लाख 9024 ई केवाईसी

दुर्ग जिले में 49893 राशनकार्डधारी है। इन राशनकार्डधारियों के परिवार में कुल 1693741 सदस्य हैं। इनमें से 1509024 सदस्यों का ई केवाईसी करवाया गया है। 183497 सदस्यों का ई केवाईसी होना है। जिनमें 51703 पांच साल से कम आयु के बच्चे हैं। 133014 सदस्यों का ई केवाईसी अनिवार्य किया गया है। जिला खाद्य विभाग इस टारगेट को पूरा करने के लिए योजना बनाई है।

### राशनदुकानों में लंबित सूची होगी चस्पा

छत्तीसगढ़ के खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक मॉड्यूल तथा ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी हेतु लंबित सदस्यों की सूची प्रदर्शित की गई है। खाद्य निरीक्षकों द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानों को ई-केवायसी हेतु लंबित सदस्यों की उचित मूल्य दुकानवार सूची उपलब्ध कराई जाएगी । उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा लंबित सूची के सदस्यों से ई-केवायसी, ई-पॉस मशीन में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अथवा फेस ई-केवायसी से पूर्ण कराया जाएगा।

### ई केवाईसी पूर्णता प्रमाण पत्र भी करेंगे तैयार

जिला खाद्य विभाग सदस्यों से ई केवाईसी संबंधी पूर्णता प्रमाण पत्र भी लेगा। जिले ई-केवायसी पूर्णता संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न प्रारूप में एवं ई-केवायसी हेतु शेष सदस्यों की कारण सहित सदस्यवार जानकारी प्रमाण पत्र के साथ संचालनालय को 20 जुलाई तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध भेजा जाना है। निर्धारित समय-सीमा में इस कार्यवाही पूर्ण नही किये जाने पर जिला अधिकारी एवं संबंधित सहायक खाद्य अधिकारी और खाद्य निरीक्षकों के विरूद्ध भी कार्रवाई हो सकती है।

### ई केवाईसी के लिए अभियान

राशनकार्डधारियों के परिवार के सदस्यों का ई केवाईसी करवाने के लिए 15 जुलाई तक तिथि राज्य संचालनालय ने तय की है। हमने राशनदुकानों पर ई केवाईसी की व्यवस्था की है। दुकानों में जिन सदस्यों की ई केवाईसी नहीं हुई है उसकी सूची भी चस्पा करवा रहे हैं।

**अनुराग सिंह भदौरिया,**
जिला खाद्य अधिकारी

## मोहर्रम पर्व को लेकर नगर निगम का विशेष अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आगामी मोहर्रम पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहरभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ताजिया जुलूस के के लिए विभिन्न मोहल्लों, गलियों एवं मुख्य मार्गों पर झुकी हुई पेड़ों की डालियों की कटाई तथा मार्गों में लगे तोरण एवं अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि मोहर्रम पर्व के मद्देनजर विशेष अभियान चलाकर ताजिया मार्गों का निरीक्षण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की बाधा को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि जुलूस मार्गों एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निगम प्रशासन द्वारा सभी जोन में अमले की तैनाती कर आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अधिकारियों को ताजिया मार्गों पर विशेष निगरानी रखने तथा आवश्यकतानुसार शाखाओं की छंटाई, अवरोध हटाने एवं स्वच्छता कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

- ताजिया मार्गों से हटाई जा रहीं बाधाएं

# सिंगल यूज प्लास्टिक और सड़क बाधा पर 18 हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जोन-01 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वार्ड क्रमांक 4 कोसा नगर एवं वार्ड क्रमांक 17 आकाशगंगा क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर चालानी कार्रवाई की।

अभियान के दौरान सड़क पर सामग्री रखकर आवागमन बाधित करने वाले प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाया गया। इसमें मौर्या ट्रेडर्स पर 4 हजार रुपये, सतगुरू ट्रेडर्स पर 4 हजार रुपये तथा अभिषेक गुप्ता पर 2 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं भंडारण पाए जाने पर नंदकुमार साह से 1 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी तरह सीएम पोर्टल के प्राप्त आवेदन के साथ वार्ड क्रमांक 18 कांट्रेक्टर कालोनी चौहान प्लाजा कॉम्प्लेक्स में संचालित आनंद गुप्ता द्वारा चार्ट सेंटर का संचालन किया जा रहा है । निरीक्षण में सिंगल यूज प्लास्टिक ग्लास एवम् अनुज्ञप्ति लाइसेंस एवं साफ सफाई सही नहीं पाए जाने पर 7000 का चालानी कार्रवाई की गई। बिना लाइसेंस के दुकान संचालित नहीं करने की समझाईस दी गई है।

# 9वीं व 11वीं के 10 फीसदी अतिरिक्त बच्चों को प्रवेश दे सकेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विद्यार्थियों की निर्धारित सीटों से ज्यादा प्रवेश को लेकर इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सख्ती दिखाई है। सरकारी हो चाहे निजी स्कूल निर्धारित सीटों से 10 प्रतिशत अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश दे सकते हैं। इससे अधिक की स्थिति में मंडल से स्वीकृति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूलों में प्रवेश एवं परीक्षा प्रक्रिया को लेकर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से नई गाइडलाइन जारी की गई है।

- सीट क्षमता से ज्यादा प्रवेश को लेकर इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल का फरमान



### नवमीं और ग्यारहवीं में 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रवेश

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देश है कि विद्यालय अपनी सीट क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थियों को प्रवेश दे सकते है। वहीं कक्षा 9वीं और 11वीं में केवल 10 प्रतिशत अतिरिक्त बच्चों को प्रवेश की अनुमति होगी। इससे अधिक प्रवेश लेने के लिए मंडल की पूर्व स्वीकृति आवश्यक रहेगी। स्वीकृति न लेने पर मान्यता रद्द की जा सकती है। इसके अलावा अतिरिक्त कक्ष, भवन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का विवरण देना होगा।

### अपात्रों के प्रवेश पर होगी कार्रवाई

निजी स्कूलों में प्रवेश के दौरान नियम कायदे को भी तांक पर रखकर एडमिशन दिया जाता रहा है। इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई विद्यालय अपात्र विद्यार्थी को प्रवेश देता है या नियमों का उल्लंघन करता है तो संबंधित प्राचार्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यहां तक निजी विद्यालयों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### बोर्ड परीक्षा में शामिल होने 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से जारी गाइडलाइन व नई व्यवस्था के हिसाब से बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। जिन छात्रों की उपस्थिति निर्धारित सीमा से कम होगी, उनके परीक्षा आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं। स्कूलों को ऐसे विद्यार्थियों की सूची 31 दिसंबर 2026 तक छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजनी होगी। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए 31 जुलाई का समय निर्धारित किया है। निर्धारित समय के बाद किसी भी छात्र को नियमित प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले सरकारी स्कूलों में चल रही है शिक्षकों की मनमानी

# स्कूलों में कहीं शिक्षक गायब तो कहीं प्रार्थना में नहीं पहुंचने से बच्चों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्रीष्मकालीन की लंबी छुट्टी में रहने के बाद सरकारी स्कूल खुले हैं लेकिन भी शिक्षकों का रवैया नहीं बदला है। जिले में खराब रिजल्ट के बाद शिक्षकों को चेतावनी दी गई। शुरूआत से ही स्कूलों में अध्यापन का तौर तरीका बेहतर करने जिले स्तर पर रोड मैप तैयार किया गया। इस रोड मैप पर शिक्षक अमल नहीं करते नजर आ रहे हैं। प्रार्थना में शामिल नहीं होना। अपनी सुविधा के अनुसार स्कूल जाने और जाने का सिलसिला थम नहीं रहा। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा स्वयं स्कूलों की दशा सुधारने रोजाना आकस्मिक निरीक्षण पर है और शिक्षक अपने ढ़र्रे पर। नोटिस पर नोटिस दिए जा रहे हैं।

### बोड़ेगांव में गप्पे हांकते मिला पूरा स्टॉफ

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बोडेगांव का आकस्मिक निरीक्षण दौरान प्राथमिक शाला के तीनो स्टाफ श्रीमती ललिता ठाकुर, श्रीमती अनिता मिश्रा, श्री विमलराज भारती सहायक शिक्षक स्टाफ रूम में बैठे पाये गये तथा बच्चे शाला परिसर में इर्द गिर्द घूमते पाये जाने पर तत्काल क्लास रूम में जाने के साथ नियमित अध्यापन कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये। विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन का भी अवलोकन किया गया । मध्यान्ह भाजन गुणवत्ता युक्त पाया गया ।

### हाई स्कूल ननकट्ठी में प्रार्थना से गैरहाजिर रहे 10 शिक्षक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ननकट्ठी के औचक निरीक्षण किया गया । समय सारिणी अनुसार दोपहर 11.45 से 12 बजे तक प्रार्थना का समय निर्धारित है बावजूद संगीता चन्द्राकर, सरिता देशमुख, लक्ष्मी टिकरिहा, सुषमा सोनी, सुनिति नंदी व्याख्याता एकता ताम्रकार, व्यायाम शिक्षक, हेमलता साहू, स.शि. विज्ञान, गंगोत्री रावटे सहायक ग्रेड-02, रामकुमार साहू हेल्थ केयर शिक्षक, शेख अजहर फईयाज उपस्थित नहीं हुए थे।



### मिडिल स्कूल में हेडमॉस्टर सहित 4 गैरहाजिर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ननकट्ठी का निरीक्षण उपरांत विद्या डाहके, प्रधानपाठक, पूनम परिहार, पार्वती श्रीवास्तव, नीति शर्मा, माला सिन्हा, गीता बारमासे शिक्षक का शिक्षक उपस्थिति पंजी मे हस्ताक्षर नहीं होना पाया गया। ये सभी शाला समय पर उपस्थित नहीं थे।

### धमधा में व्याख्याता ने रख ली कमरे की चाबी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरग धमधा का निरीक्षण किया गया। भौतिक विज्ञान विषय के अध्यापन के संबंध में छात्र छात्राओं से जानकारी प्राप्त किया गया तथा रसायन विषय का अध्यापन कार्य भी कराया गया एवं विषय शिक्षकों को नियमित अध्यापन कार्य के साथ नियमित प्रायोगिक कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गयो । इस विद्यालय के रमेश कुमार साहू व्याख्याता एन.बी. अवकाश पाया गया। साहू ने एक रूम में ताला लगाकर चाबी अपने पास रखने की जानकारी संस्था प्राचार्य ने दी। शासकीय विद्यालय के कमरे में ताला लगाकर चाबी अपने पास रखना नियमो के विपरीत होने से साहू व्याख्याता को नोटिस जारी किया गया है।

### मेड़ेसरा में घूमते मिले विद्यार्थी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडेसरा धमधा का औचक निरीक्षण दौरान अध्यापन कालखण्ड मे बच्चे दुर्ग धमधा रोड पर बैठे तथा इर्दगिर्द घूमते मिले। विद्यालय परिसर के बाउड्रीवाल पर लगे दरवाजे में ताला लगाये जाने एवं नियमित अध्यापन कार्य, प्रायोगिक कार्य कराये जाने, परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिये गयें । शास.उ.मा.वि. जेवरासिरसा (सेजेस) में बच्चे रोड पर घूमते मिले। डीईओ मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए रोड पर जाने से रोकने की सलाह एवं नियमित अध्यापन, शाला परिसर को स्वच्छ रखने. प्रायोगिक कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गयें । करंजाभिलाई में सभी शिक्षक उपस्थित तथा अध्यापन कार्य कराते मिले।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 24 जून 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02 सुरक्षा जवानों में परिस्थितिवश तनाव...

लाइव इवेंट

## ब्रजमंडल भिलाई की वार्षिक आमसभा 28 जून को, नई कार्यकारिणी का होगा गठन



**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई की वार्षिक आमसभा 28 जून को सुबह 11 बजे गीताभवन सेक्टर-6 के सभागार में आयोजित की जाएगी। आमसभा में नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। सदस्यों के अभाव में बैठक आधा घंटा बाद 11.30 बजे पुनः प्रारंभ होगी, जिसमें उपस्थित सदस्यों को ही गणपूर्ति मानकर कार्यवाही की जाएगी। सेक्टर-6 गीताभवन में ब्रजमंडल कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता राकेश कुमार यदुवंशी ने की। सामूहिक प्रभु वंदना के बाद महासचिव सूरज मंगला ने आमसभा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था के सभी सदस्यों को वाट्सअप के माध्यम से सूचना दी जा चुकी है।नई कार्यकारिणी के गठन के लिए संस्था के वरिष्ठ आजीवन सदस्य राधेश्याम शर्मा को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है। शासन के निर्देशानुसार एवं नियमों का पालन करते हुए आमसभा दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में अध्यक्ष द्वारा स्वागत उद्बोधन, महासचिव द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत एवं स्वीकृति, कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक आय-व्यय का प्रस्तुतीकरण एवं स्वीकृति, संस्था के बाइ-लॉज में संशोधन एवं अनुमोदन तथा अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से लिए जाएंगे। द्वितीय चरण में नई कार्यकारिणी का गठन होगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल के उच्च अधिकारी गिरीश गुप्ता, महिला समिति उपाध्यक्ष भावना तोमर, संरक्षक मंडल से अतवीर सिंह राघव, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार शर्मा, सचिव प्रदीप कुमार वर्मा, शील कुमार राघव, हरीश कुमार गुहे, राजकुमार वर्मा, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, दिलीप कुमार वर्मा, अनुराग शर्मा अंकेक्षक सहित महिला समिति से मनीषा गुप्ता, सुनीता वर्मा, अनिता यदुवंशी, मोनिका मंगला एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।



लाइव इवेंट

## बच्चे एआई युग की तकनीक से होंगे परिचित, शासकीय स्कूल को मिला 4 कम्प्यूटर सेट



**भिलाई।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी भिलाई में सेवानिवृत्त प्राचार्य वर्षा ठाकुर की पहल पर रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर डिस्ट्रिक्ट 3261 द्वारा चार कम्प्यूटर सेट कम्प्यूटर टेबल सहित प्रदान किए गए। रोटरी क्लब ग्रेटर भिलाई के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने कहा कि आज एआई का जमाना है, ऐसी स्थिति में कम्प्यूटर की जानकारी होना अति आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यालय की आवश्यकता को देखते हुए कम्प्यूटर प्रदान किए गए। अब बच्चे उच्च तकनीक से परिचित हो सकेंगे।

सेवानिवृत्त प्राचार्य वर्षा ठाकुर ने बताया कि पूर्व में भी क्लब ने बच्चों के लिए वाटर कूलर प्रदान किया था जिसका निरंतर उपयोग हो रहा है। प्राचार्य आशा टेकाम ने रोटरी क्लब की पूरी टीम को धन्यवाद दिया और कहा कि भविष्य में भी विद्यालय परिवार से जुड़े रहेंगे। कार्यक्रम संचालन करते हुए व्याख्याता बी मैथ्यू ने कहा कि विद्यालय में शिक्षक मिलकर सतत रूप से कम्प्यूटर शिक्षा देंगे जिससे विद्यार्थियों की रुचि बढ़ेगी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सर्वेश अग्रवाल, सचिव निकेत मेहता, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शशांक रस्तोगी, दिलीप गोलछा, बृजमोहन अग्रवाल, अचल सुरी, नीलाद्री शाह, श्रीकांत अग्रवाल, अभिनव बंसल, वरिष्ठ व्याख्याता प्रतिभा बुरहान, प्रतिमा भारद्वाज, रूपेश्वरी साहू, बी मैथ्यू, लुबना परविन, संजय यादव, गणमान्य नागरिक फूलचंद साहू, रूखमणी विश्वकर्मा और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कम्प्यूटर पाकर बच्चे हर्षित हुए और तुरंत चलाना सीखना शुरू कर दिया।




दुर्लभ विदेशी किस्मों के लिए कोलकाता पर निर्भरता खत्म, बोनसाई 25 हजार, अडेनियम 10 हजार तक, साइकस भी अब लोकल नर्सरी में तैयार

# हरियाली का स्वागत करने जुटे प्रकृति प्रेमी, नर्सरी में ही हो रही तैयारी, मानसून में लहलहाएंगे लाखों पौधे

**भिलाई।** मानसून के साथ ही शहर की नर्सरियों में हरियाली छाने लगी है। पौधों के शौकीनों के लिए इस बार खास इंतजाम किए गए हैं। मानसून से पहले ही नर्सरी में हरियाली दिखाई दे रही है। पौधों के शौकीनों के लिए शहर की नर्सरी में इस बार दुर्लभ किस्म के विदेशी पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जिसकी कीमत भी हजारों में है। आमतौर पर विदेशी पौधे कोलकाता से मंगा मंगाए जाते थे, लेकिन इस बार इन्हें नर्सरी में विशेष खाद और उर्वरक के साथ तैयार किया जा रहा है। दूसरे राज्यों से मानसून के लिए नर्सरी में फिगर फर्न, माउल्स, व्हाइट जामुन, ग्रास की किस्में विशेष रूप से मंगाई गई हैं। विशेष किस्म वाले पौधे फिकस बोनसाई की डिमांड ज्यादा है। शौकीन ग्राहकों की भीड़ भी नर्सरी में होनी शुरू हो गई है।



### दुर्लभ विदेशी किस्मों के लिए अब कोलकाता पर निर्भरता खत्म

पौधों के शौकीनों का कहना है कि यह बरसात के समय में ज्यादा लगाए जाने वाले पौधों में एक है। यह आसानी से लग जाता है और हरियाली के साथ खुशबू भी बिखेरता है। शहर के कई नर्सरी संचालकों से बातचीत की। प्रत्येक नर्सरी में 5 से 10 हजार तक देशी और विदेशी पौधे तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में 1 लाख से अधिक पौधे मानसून में हरियाली बिखेरेंगे। वन विभाग ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। फलदार पौधे वितरण करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं।

### खरीदारी करने पहुंच रहे लोग

गार्डनिंग करने के लिए बारिश का मौसम उपयुक्त होता है। ऐसे में लोगों ने अभी से घर में सब्जी व फल लगाने के लिए पौधे लेने शुरू कर दिए हैं। प्रियदर्शनी नगर स्थित नर्सरी के संचालक ने बताया, छायादार पौधों में नीम, पीपल, बरगद, अशोक, शीशम के अलावा फलदार पौधों में अमरूद, आम, केला, नींबू, जामुन, शहतूत, चीकू आदि के पौधों की मांग लगातार बढ़ रही है। इनके अलावा मौसमी सब्जियों, फूलदार पौधों में गुलाब, कमल, गेंदा, सूरजमुखी समेत अनेक किस्म के पौधों की मांग है। जून और जुलाई माह में फूलों के नए पौधे मिलेंगे। बीते दिनों हुई बारिश के बाद लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

### अमरूद के पौधों की सर्वाधिक बिक्री

बारिश में पौधारोपण करने समाजसेवी संस्थाओं ने पौधारोपण करने नर्सरी संचालकों को 100 से अधिक पौधे तैयार करने का ऑर्डर दिया है। तालपुरी स्थित नर्सरी संचालक दिनेश चौधरी ने बताया, बरसात को लेकर घरों में गार्डनिंग व वृक्षारोपण करने के लिए अलग-अलग पौधे तैयार किए हैं।

### साइकस और आडेनियम सबसे महंगे पौधे

नर्सरी में इस बार भी सबसे महंगे पौधों की लिस्ट में बोनसाइज और अडेनियम पहले नंबर पर हैं। दुर्ग स्थित नर्सरी के संचालक ने बताया कि बोनसाई पौधे 25 हजार तो वहीं अडेनियम 10 हजार तक मिलेंगे। इन विदेशी पौधों को मार्च से तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा साइकस के पौधे, जिसे कोलकाता और ओडिशा से मंगाया जाता था, इसे नर्सरी में ही तैयार कर रहे हैं। साइकस का पौधा एक हजार से 10 हजार तक में मिलेगा। इसकी खास बात यह है कि वर्ष में एक बार इसमें नई पत्तियां आती है। इसलिए इसका बड़ा तना लोगों का ध्यान खींचता है। इन पौधों के लिए गोबर की खाद बनाई जा रही है। पौधे की कीमत उसकी उम्र के साथ बढ़ती है।



### समाजसेवी संस्थाओं के मिलने लगे ऑर्डर

गुलमोहर, शीशम, जीम, शहतूत, जामुन, रातरानी के पौधे 2 हजार से अधिक तैयार किए जा रहे हैं। कुछ पौधों के बीज दूसरे राज्यों से मंगाए है। इस बार विदेशी पौधे 50 से 80 रुपए तक महंगे मिल सकते हैं, बाकी देसी पौधों की 50 से 100 रुपए के बीच कीमत रहेगी।





## आंवला, नीम और कदम के पौधों को लागाकर वार्ड में फैलाएंगे हरियाली



**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 3 मॉडल टाउन विनोबा नगर में सघन पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विनोबा नगर मुक्तिधाम मार्ग में आंवला, झारुल, नीम एवं कदंब के लगभग 200 पौधे रोपे गए। आयोजकों ने पूरे वार्ड क्षेत्र में 1500 वृक्ष लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कार्यक्रम के आयोजक पार्षद हरिओम तिवारी रहे। प्रमुख अतिथि के रूप में हरिभूमि के ब्यूरो चीफ डॉ. संदीप उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि दुर्ग प्रमोद सिंह, स्मृति नगर चौकी प्रभारी राजेश साहू, पार्षद रानू राजू साहू, रविशंकर कुर्रे उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व शिक्षक थानेश्वर निर्मलकर, विवेक अग्रवाल, दिलीप यादव, पीताम्बर यादव, बलि यादव, अशोक, संतोष, रेखा साहू, प्रमिला दास, रेखा पटेल, पद्मिनी देवांगन सहित अनेक नागरिक एवं वार्डवासी मौजूद रहे।



## राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग के लिए सेक्टर 10 में हुआ ट्रायल

**भिलाई।** राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन गुंडिचा मंडप डोम शेड सेक्टर 10 भिलाई नगर में किया गया। इस दौरान बजरंगबली हनुमान की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर चयन प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। चयन ट्रायल में दुर्ग जिले में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विभिन्न जगहों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सब जूनियर समूह अंडर 14, जूनियर समूह अंडर 17 और सीनियर समूह 19 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने टीम में जगह बनाने के लिए अपना बेहतर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सेक्टर 10 की पार्षद सुभद्रा भी उपस्थित थीं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को जिले के लिए बेहतर प्रदर्शन कर ज्यादा से ज्यादा मेडल लाने की शुभकामनाएं दीं। थाई बॉक्सिंग के जिला सचिव जेपी राजू ने कहा कि खेलों की नगरी भिलाई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इन छात्र-छात्राओं से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए जल्द ही विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## गायत्री जयंती का महापर्व आज

**भिलाई।** गायत्री शक्तिपीठ सहित अंचल के सभी प्रज्ञा संस्थानों में गायत्री जयंती का महापर्व आज 24 जून को ।भिलाई। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 भिलाई , गायत्री शक्तिपीठ स्टेशन रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली, भगवती संस्थान प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम, खुर्सीपार,छावनी बस्ती, शांतिनगर सुपेला, गायत्री शक्तिपीठ रामनगर इंदिरा चौक सुपेला, कसारीडीह दुर्ग, बघेरा. कुरूद, कोहका, उम्दा रोड भिलाई-3 सहित अंचल के सभी गायत्री प्रज्ञापीठ एवं संबंधित संस्थानों में गायत्री जयंती का महापर्व आज 24 जून को सुबह 9 बजे से आध्यात्मिक अनुष्ठान एवं हवन पूजन के साथ मनाये जायेंगे । इस अवसर पर अंचल के सभी प्रज्ञापीठो में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित कर सबके मंगलमय जीवन ,उज्ज्वल भविष्य, पूरे विश्व में शांति स्थापित हो सके। इस भावना के साथ 24 -24 बार गायत्री मंत्र का सस्वर उच्चारण करते हुए यज्ञ भगवान को आहुति समर्पित की जाएगी ।

ननकट्टी की विद्यावती चौधरी आसपास के क्षेत्रों में प्रेरणा की बनी मिसाल

कार्नर न्यूज

## चावल पापड़ का लोन लेकर कारोबार शुरू किया, खुद बनीं आत्मनिर्भर, आज ग्रामीण महिलाओं को दें रहीं रोजगार

**दुर्ग।** जिले के ग्राम पंचायत ननकट्टी की विद्यावती चौधरी आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर उन्होंने न केवल अपने जीवन को नई दिशा दी, बल्कि गांव की अनेक महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाया।

आराध्या स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष एवं एफएलसीआरपी के रूप में कार्यरत विद्यावती चौधरी ने समूह की बचत एवं ऋण राशि का उपयोग करते हुए चावल पापड़ निर्माण और सिलाई केंद्र की शुरुआत की। प्रारंभ में यह कार्य छोटे स्तर पर शुरू हुआ, जहां समूह की महिलाएं घर-आंगन में मिलकर पापड़ तैयार करती थीं। सीमित संसाधनों के बावजूद महिलाओं ने मेहनत, लगन और गुणवत्ता को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। प्रतिदिन महिलाएं एकत्रित होकर चावल पापड़ तैयार करती हैं। सामूहिक श्रम और बेहतर गुणवत्ता के कारण उनके उत्पादों की मांग लगातार बढ़ती गई। धीरे-धीरे उनका छोटा प्रयास एक सफल उद्यम में बदल गया।





### तैयार पापड़ की भारी डिमांड प्रतिमाह कमा रहे हजारों

समूह द्वारा तैयार किए गए पापड़ स्थानीय बाजारों में अपनी पहचान बना चुके हैं और प्रतिमाह हजारों रुपये का कारोबार हो रहा है। इस उद्यम ने समूह की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। नियमित आय मिलने से परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और घरेलू जरूरतों की पूर्ति अब अधिक आसानी से हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने निर्णय स्वयं लेने में सक्षम हुई हैं। विद्यावती चौधरी की सफलता केवल आर्थिक उपलब्धि तक सीमित नहीं है। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि यदि महिलाओं को सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर मिले तो वे सामूहिक प्रयासों से बड़े बदलाव ला सकती हैं।

### आसपास की महिलाओं के लिए भी रोजगार का अवसर

अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार से छोटा सा कारोबार शुरू कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इसके लिए हर तरह की मदद सरकार द्वारा की जा रही है। इससे जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी आप पंचायत से ले सकते हैं। सीधे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर खुद का रोजगार शुरू कर सकते हैं। अन्य महिलाओं को जोड़ सकती हैं। ननकट्टी की महिलाएं अपने उत्पादों के साथ गर्व से खड़ी हैं और गांव में महिला सशक्तिकरण की नई पहचान बन चुकी हैं। ग्राम ननकट्टी की स्व सहायता समूह, सामूहिक मेहनत और बिहान के सहयोग से ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनकर लखपति दीदी बनने का सपना साकार कर रही हैं।

स्पोर्ट्स इवेंट

## स्ट्रेंथ लिफ्टिंग कॉम्पिटिशन में खिलाड़ियों ने जीता दो सिल्वर



■ जूनियर और सीनियर वर्ग में मिला सिल्वर मेडल

**भिलाई।** वेस्ट जोन नेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन दल्ली राजहरा में 19 से 21 जून तक आयोजित किया गया। जिसमें फिटनेस किंग जिम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो मेडल जीता और जिले का नाम रौशन किया। जूनियर वर्ग में बलजीत सिंह ने सिल्वर मेडल और सीनियर वर्ग में शोभम घोष ने सिल्वर मेडल जीता। दोनों खिलाड़ी कई महीनों से फिटनेस किंग जिम में कोच धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में अभ्यास करते आ रहे है जोकि स्वयं ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।खिलाड़ियों को कोच धर्मवीर सिंह खुद 3 घंटे का अभ्यास करवाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भविष्य में उनके तैयार किए हुए सभी खिलाड़ी इससे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों की जीत पर डॉ दर्शन सिंह, फतेहवीर सिंह, अशोक देवांगन, सतीश पटले, लक्ष्मी साहू और सिमरजीत कौर ने हर्ष जताया है और सभी खिलाड़ियों के अच्छे भविष्य की कामना की है।

समाज लाइव

## रक्तदान शिविर में मरीजों की सेवा करने ली गई शपथ



■ प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान बोले - लापरवाही पर विरोध करेंगे, सेवा में हमेशा आगे रहेंगे

**दुर्ग।** जिला अस्पताल दुर्ग के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन प्रदेश कांग्रेस सचिव अय्यूब खान के नेतृत्व में किया गया। सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले शिविर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। अय्यूब खान ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा देश सेवा और जनहित को प्राथमिकता देते हैं। उनके जन्मदिन पर रक्तदान से बड़ा कोई उपहार नहीं, क्योंकि एक यूनिट रक्त से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। इसी मंशा के अनुरूप सामाजिक कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में ज्यादातर गरीब मरीज आते हैं। एक्सीडेंट के मरीज और महिला वार्ड भी यहां बड़ा है, इसलिए ब्लड बैंक में पर्याप्त स्टॉक होना चाहिए। अस्पताल प्रशासन से कहा गया कि ब्लड सही मरीजों को सही वक्त पर मिले। अगर लापरवाही हुई तो मजबूती से विरोध करेंगे, लेकिन मरीजों की सहायता में भी पूरा सहयोग करेंगे। शिविर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसवंत गायकवाड, मो रफीक, राकेश दुबे, पुरुषोत्तम सोनवानी, विजेंद्र बंजारे, खिलेश देशलहरे, जीतेश गायकवाड, उमेश वर्मा, चिलेश्वर निषाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लड बैंक काउंसलर टीएस एंथॉनी, नर्स निशु, नर्स कुसुम चंद्राकर, नर्स मिनाक्षी, लैब टेक्निशियन तीरथ यादव, सूरज कुर्रे, रोशन सिंह ने सहयोग किया। अस्पताल प्रबंधन ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

समाज इवेंट

## ग्रामीणों ने लिया जल-पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के मनरेगा अंतर्गत निर्मित 123 अमृत सरोवरों पर योग, जनजागरूकता और सामुदायिक सहभागिता के कार्यक्रम उत्साह से आयोजित किए गए। इस दौरान ग्रामीणों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यावरण सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। अमृत सरोवरों पर सुबह से सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन हुआ। स्थानीय ग्रामीण, स्कूली विद्यार्थी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, सेवा समूह, पंचायत प्रतिनिधि, युवा मंडल तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने नियमित योग के महत्व को समझा और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संदेश दिया। प्रकृति के साथ संतुलित जीवनशैली अपनाने पर खास जोर दिया गया। योग दिवस पर आयोजित 'अमृत सरोवर संवाद' में ग्रामीणों एवं श्रमिकों को विकसित भारत-जी रामजी अधिनियम, 2025 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। बताया गया कि यह अधिनियम 1 जुलाई 2026 से प्रभावशील होगा। इसके तहत श्रमिकों को 125 दिवस रोजगार की गारंटी, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका संवर्धन तथा ग्रामीण विकास से जुड़े प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा हुई। ग्रामीणों को उनके अधिकारों और योजनाओं के लाभों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में जल संरक्षण संरचनाओं के प्रति अपनत्व एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों, स्वयं सहायता समूहों, जनप्रतिनिधियों और शैक्षणिक संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही। जिले में मनरेगा के तहत निर्मित 123 अमृत सरोवर आज जल संरक्षण के साथ-साथ सामुदायिक गतिविधियों और जनजागरूकता के महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों को उनके अधिकारों, उपलब्ध अवसरों एवं योजनाओं के लाभों के प्रति जागरूक किया गया।

● मेंटल हेल्थ पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती, राजयोग से मिलेगा तनाव का समाधान, 700 जवानों ने लिया भाग

# सुरक्षा जवानों में परिस्थितिवश तनाव आना स्वाभाविक आध्यात्मिक शिक्षा से उन्हें मुक्त कराना नैतिक जिम्मेदारी

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सुरक्षा सेवा प्रभाग के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दुर्ग के बघेरा स्थित आनंद सरोवर परिसर के कमला दीदी सभागार में आत्म सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पुलिस बल, एसटीएफ, बटालियन, नगर सैनिक एवं एनसीसी के 700 से अधिक जवानों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। रजत जयंती समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल, एसपी एसटीएफ त्रिलोक बंसल, कमांडेंट होमगार्ड नागेंद्र सिंह, डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी उपस्थित रहे। वहीं ब्रह्माकुमारीज की ओर से संस्था की दुर्ग डायरेक्टर ब्रह्माकुमारी रीटा, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी रूपाली, रक्षा मंत्रालय के वैज्ञानिक अधिकारी बीके पुरुषोत्तम, मेंटल वैलनेस स्पीकर बीके प्रिया एवं माउंट आबू से पधारे बीके शैलेंद्र ने कार्यक्रम की जानकारी दी। माउंट आबू से आए बीके शैलेंद्र ने सुरक्षा सेवा प्रभाग की 25 वर्षीय गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 2001 में स्थापित इस प्रभाग ने देशभर में सेना, पुलिस एवं सुरक्षा बलों के लिए अनेक राष्ट्रीय सम्मेलन, प्रशिक्षण शिविर और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इनका लाभ हजारों अधिकारियों एवं जवानों को मिला है। वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से प्रभाग की गतिविधियों को दिखाया गया।





### आध्यात्मिकता से ही आत्मा की सच्ची सुरक्षा

ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि देश की सुरक्षा में तैनात जवानों में परिस्थितिवश तनाव आना स्वाभाविक है। हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि आध्यात्मिक शिक्षा से उन्हें तनावमुक्त करें, क्योंकि आध्यात्मिकता ही आत्मा की सच्ची सुरक्षा करती है। उन्होंने सभी जवानों को व्यसनों एवं बुराइयों से मुक्त रहने की प्रेरणा दी।



### मानसिक स्वास्थ्य पर दे ध्यान

एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा हमारा सामना ऐसे लोगों से होता है जो समाज को कष्ट देते हैं। नक्सली, अपराधी या असामाजिक तत्वों से निपटते-निपटते हमारे अंदर भी मेंटल इश्यूज डेवलप हो जाते हैं। दुख की बात ये है कि हमें पता ही नहीं चलता कि हम शिकार हो गए हैं। जैसे फिजिकल हेल्थ जरूरी है, वैसे ही मेंटल हेल्थ भी उतनी ही जरूरी है। रिटायरमेंट के बाद हमें इसी समाज में लौटना है, इसलिए अभी से मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा।



### जवानों को कराया राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति

एसपी एसटीएफ त्रिलोक बंसल ने कहा कि आनंद सरोवर में आते ही शांति का अनुभव होता है। पुलिस में वर्क लाइफ बैलेंस बिगड़ा हुआ रहता है। यहां मिली शांति हमारे लिए बेहद जरूरी है। जो सीख यहां मिली, उसे अपने और परिवार के जीवन में उतारें।

वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका रूपाली और बीके प्रिया ने जवानों को राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति कराई। उन्होंने बताया कि मन से नकारात्मकता हटाकर श्रेष्ठ विचार धारण करें परमात्मा का वरदानी हाथ सदा मेरे साथ है, मेरा चित्त शांत है। जीवन की परिस्थितियां हमें अनुभवी बनाने आती हैं। कार्यक्रम का संचालन बीके शैलेंद्र ने किया। उन्होंने बताया कि माउंट आबू में सुरक्षा प्रभाग से जुड़े लोगों के लिए वर्ष में दो बार कार्यक्रम होते हैं। जवान स्थानीय केंद्र से संपर्क कर वहां जा सकते हैं।

### इंसान दुनिया का सुपर कंप्यूटर

मुख्य वक्ता एवं रक्षा मंत्रालय के वैज्ञानिक अधिकारी बीके पुरुषोत्तम ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा इंसान दुनिया का सबसे जबरदस्त सुपर कंप्यूटर है। परमात्मा ने हमें इनबिल्ट कंप्यूटर दिया है। हम जो संकल्प करते हैं वही वापस आता है। अगर जीवन में खुशी चाहते हैं तो दूसरों को खुशी दें, वही आपके पास लौटेगी।

सम्मान समारोह

## वरिष्ठ गीतकार मोहन को किया सम्मानित, पत्रिका का विमोचन



**भिलाई।** देशभर में अपने गीतों के लिए चर्चित 88 वर्षीय कवि मोहन भारतीय को आगासदिया परिवार ने स्मृति चिन्ह और शाल देकर सम्मानित किया। मैत्री नगर भिलाई स्थित भारतीय निवास में समारोह के साथ नव आगमन मासिक पत्रिका के जून अंक का विमोचन भी किया गया। मोहन भारतीय केंद्रीय सिविल सेवा में सहायक निदेशक रहे। मेकेनिकल इंजीनियर बनकर वे भिलाई आए और आज भी सक्रिय साहित्यकार हैं। नव आगमन के सम्पादक परदेशीराम वर्मा ने कहा कि जब हमारी पीढ़ी लिखने का अभ्यास कर रही थी, तब मोहन भारतीय स्थापित कवि के रूप में देशभर में चर्चित थे। वह दौर दानेश्वर शर्मा, रमाशंकर तिवारी, मनराखन लाल साहू, रवि श्रीवास्तव, संतोष झांझी का था जिसमें चमकते सितारे थे मोहन भारतीय।

जून अंक का विमोचन इस अंक में सम्मिलित कवि कमलेश चंद्राकर, शायर अब्दुल कलाम की उपस्थिति में मोहन भारतीय एवं संपादक मंडल ने किया। अंक में धमतरी के कवि भगवती सेन, दुर्ग के वरिष्ठ कवि पतिराम साव, डूमन लाल ध्रुव, कमलेश चंद्राकर, हेमंत मढ़रिया की रचनाएं सम्मिलित हैं। राज्य सम्मान प्राप्त कृषि पंडित सुंखराम वर्मा को भी याद किया गया है। मोहन भारतीय ने अपना गीत अच्छा किया कि साथी तुमने सुनाया। कमलेश चंद्राकर ने बालगीत तथा अब्दुल कलाम ने गजल का पाठ किया।वरिष्ठ नागरिक राम सेवक वर्मा ने स्वागत भाषण दिया। मोहन भारतीय के सुपुत्र नवीन जैन ने आभार व्यक्त किया। समारोह में सम्पादकीय सहयोगी अब्दुल कलाम, महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू, नीतीश वर्मा, महंत अंतराम, समाजसेवी रामसेवक वर्मा और मोहन भारतीय का परिवार उपस्थित रहा।

राज्यमंत्री दुर्गादास ने किया सम्मानित

## 31 वर्षों की निस्वार्थ सेवा पर सीताराम को केंद्रीय राज्य मंत्री ने दिया सेवा मेडल



**दुर्ग।** केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके ने दुर्ग सर्किट हाउस में ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष एवं केंद्रीय गोंडवाना महासभा धमधा के कोषाध्यक्ष सीताराम ठाकुर को सेवा मेडल से सम्मानित किया। सीताराम ठाकुर को यह सम्मान पीड़ित एवं जरूरतमंदों की लगातार 31 वर्षों से सकारात्मक सहयोग एवं रचनात्मक सेवा के लिए दिया गया।

सीएम, विस अध्यक्ष, सांसद और मंत्री कर चुके सम्मानित

इस अवसर पर जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर भी मौजूद रहे। सीताराम ठाकुर को इसके पूर्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सेवा मेडल के साथ छत्तीसगढ़ रत्न एवं गौरव रत्न मानव सेवा सम्मान मिल चुका है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र, दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर द्वारा मदर टेरेसा सम्मान, राजनांदगांव मेयर मधुसूदन यादव द्वारा सेवा सम्मान प्रदान किया जा चुका है। इस सम्मान पर राजपूत क्षत्रिय महासभा 1282, सत्य साईं सेवा समिति, जिला चिकित्सालय की जीवन दीप समिति एवं सत्यम शिवम सुंदरम समिति ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

आलिमो ने उठाई आवाज मुहर्रम और तमाम जुलूस में बंद हो डीजे का शोर-शराबा

# करबला की याद ताजा करने का एक जरिया है ताजिया मुहर्रम के जुलूस अनुशासन से निकालने दिया जोर

कार्नर न्यूज

भिलाई। भिलाई-दुर्ग व आसपास की तमाम मस्जिदों के इमामों और आलिमो की एक अहम बैठक अशरफी मस्जिद, रूआबांधा बस्ती में रखी गई। अशरफी मस्जिद व मदरसा के सदर सैयद अली के संयोजन में [illegible]ई इस बैठक में 10 मुहर्रम (यौमे [illegible]ा) के जुलूस के दौरान डीजे, [illegible]राबा, बेपर्दगी और दूसरी गलत [illegible] को रोकने के लिए एक कार्य[illegible]जना रोडमैप तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक में मौजूद आलिमों ने फिक्र जाहिर करते हुए कहा कि डीजे और अत्यधिक तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम केवल ध्वनि प्रदूषण ही नहीं फैलाते, बल्कि लोगों की सेहत, शिक्षा, सामाजिक व्यवस्था और सार्वजनिक शांति के लिए भी गंभीर खतरा बनते हैं। बैठक में शामिल उलेमा, हुफ्फाज और इमामों ने इस बात पर जोर दिया कि मुहर्रम जैसे पाक महीने में अमन, संजीदगी और दीन की सही समझ को बढ़ावा दिया जाए। सभी ने मांग की कि शादी, मजहबी जुलूस और दूसरे तमाम सामाजिक आयोजनों में डीजे और बेहद तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम के उपयोग को पूरी तरह बंद किया जाए, ताकि समाज में अमन और भाईचारा कायम रहे। बैठक के आखिर में आलिमों ने प्रशासन से डीजे और अनावश्यक शोर-शराबे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग की।



### करबला की याद ताज़ा करने का एक जरिया है ताजिया

बैठक में आलिमों ने यह भी साफ किया कि ताजिया यानी हुबहू रौज़ा-ए-हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की नकल बनाकर बरकत की नीयत से रखना अपने आप में प्रतिबंधित नहीं है, बल्कि यह हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु और वाक़िया-ए-कर्बला की याद ताज़ा करने का एक जरिया है। लेकिन ताजिया बनाकर उसे मिट्टी में दबा देना या पानी में बहा देना माल की बर्बादी और बेअदबी है। इसलिए ताजिए के नाम पर होने वाली गलत रस्में, गैर-शरई काम, शोर-शराबा, ढोल-ताशे, महिला-पुरुषों का गैरजरूरी मेल, बेपर्दगी और दूसरे गैर मुनासिब अमल किसी भी हाल में मंजूर नहीं किए जा सकते, क्योंकि इससे हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के असल पैगाम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



### इमाम हुसैन से सच्ची मुहब्बत है खिदमते खल्क

आलिमों ने कहा कि अगर हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु से सच्ची मोहब्बत का इजहार करना है तो इसका सबसे अच्छा तरीका खिदमते खल्क (मानव सेवा) है। उनके नाम पर जरूरतमंदों-मरीजों की मदद की जाए और गरीब बेटियों के शादियों में सहयोग किया जाए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि मुहर्रम के जुलूस अमन, अनुशासन और आपसी सम्मान के साथ निकाले जाएं। जुलूस के दौरान या उसके बाद फैलने वाली गंदगी की सफाई का खास इंतजाम किया जाए, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाए कि हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु के मानने वाले केवल दावे नहीं करते, बल्कि खिदमत, तालीम और सफाई में भी मिसाल पेश करते हैं।

### बैठक में मौजूद थे

बैठक में मुफ्ती जलालुद्दीन रज़वी-हाउसिंग बोर्ड, मौलाना इकबाल अंजुम अशरफ़ी सेक्टर 6, मुफ्ती कलीम अशरफ़ रज़वी कैंप 2, मुफ्ती जामी क़मर अज़हरी ज़ोन 3, मुफ्ती सलीम रज़ा इमाम जामा मस्जिद, दुर्ग, मौलाना अमीर अहमद क़ादरी फ़रीदिया मस्जिद, मुफ्ती मुहम्मद शाहिद अली मिस्बाही रुआबांधा, मौलाना शहाबुद्दीन अशरफ़ी दुर्ग, मुफ्ती माशाअल्लाह मक्का मस्जिद, फ़रीद नगर, मुफ्ती फ़ैज़ान रज़ा मिस्बाही बोरसी, क़ारी सनाउल्लाह रज़वी रिसाली, क़ारी उमर फारूक अशरफ़ी रुआबांधा, क़ारी अब्दुल क़य्यूम खुर्सीपार 3, हाफ़िज़ क़ासिम रायपुर नाका आदि मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीसीसीआई मेंस टुर्नामेंट के लिए छत्तीसगढ़ से चुने गए वरुण, मयंक और आयुष



**रायपुर।** ऑल इंडिया जूनियर चयन समिति एवं सीनियर चयन समिति द्वारा बी सी सी आई सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के इमर्जिंग मेंस टुर्नामेंट 2026 हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के 3 खिलाडियों का चयन किया गया है। यह टुर्नामेंट 6 जुलाई से 24 जुलाई तक बी सी सी आई सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस, बैंगलुरु में आयोजित किया जायेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ से वरुण सिंह भुई-टीम ए, मयंक वर्मा-टीम बी और आयुष पांडे-टीम डी शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में देश के उभरते हुये क्रिकेट खिलाड़ियों के मध्य 3 मल्टी डे मैच खेले जायेंगें, जिससे इन खिलाड़ियों को मैचों का अनुभव तथा बीसीसीआई के शीर्ष कोचों के साथ टीम साझा करने का अवसर मिलेगा।

### तलवारबाजी प्रशिक्षण केंद्र बडी संख्या में शुरू करने पर जोर



**रायपुर।** भारतीय फेंसिंग (तलवारबाज़ी) महासंघ की वार्षिक आम सभा दिल्ली में आयोजित की गई। जिसमैं राजीव मेहता, महासचिव और सभी राज्यों से आये अध्यक्ष-सचिव की उपस्थिति मैं महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह सारे निर्णय भारतीय फेंसिंग (तलवारबाज़ी) की नर्सरी एवं युवा तलवारबाज़ों को आधुनिकता व स्थिरता प्रदान करेगा।

आमसभा में राजीव मेहता ने भारत में तलवारबाजी को बढ़ावा देने के लिए सभी सचिवों से अधिक से अधिक तलवारबाज बढ़ाने कहा। उन्होंने कहा कि हर राज्य अपने अपने राज्य, जिला एवं राज्य स्तरीय फेंसिंग प्रतियोगिता कराना सुनिश्चित करें। वहीं वे स्वयं सभी राज्य के खेल विभाग के प्रमुखो से पत्र व्यवहार कर अधिक से अधिक ट्रेनिंग सेंटर प्रारम्भ कराने प्रयास करेंगे। सभा मैं 2026-27 के खेल कैलेंडर मैं भारतीय फेंसिंग लीग, खेलो इण्डिया अस्मिता लीग, रेल्वे, सर्विसेस, पुलिस, आयकर, एलआईसी और पोस्टल विभाग की स्वीकृति पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय स्पर्धा, अंडर 10-12 की जम्मू एंड कश्मीर, सब जूनियर हिमाचल प्रदेश, जूनियर की प्रतियोगिता असम, सीनियर पंजाब मैं, रैंकिंग प्रतियोगिता दिल्ली, गुजरात, उत्तराखंड, उड़ीसा मैं कराने का निर्णय लिया गया। आने वाले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा अंडर-17 कैडेट आयोजित की जाएगी। बैठक मैं छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के सचिव समीर खान एवं कोषाध्यक्ष अखिलेश दुबे ने प्रतिनिधित्व किया।

### नेशनल फर्स्ट 5 नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम घोषित



**रायपुर।** नेटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा 5वीं सीनियर नेशनल फर्स्ट 5 प्रतियोगिता 25 से 28 जून को पुडुच्चेरी में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की महिला एवं पुरुष टीम घोषित की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर के पश्चात फाइनल सिलेक्शन ट्रायल लिया गया। ट्रायल में यो-यो टेस्ट 800 मीटर दौड़, 100 मी दौड़ एवं गेम की दक्षता को देखते हुए खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ टीम में पुरुष वर्ग में कप्तान इमरान खान, एस मोहन राव, निलेश शर्मा, मनोज साहू,नमनदीप टंडन ,निहाल पांडे, देवेश धीवर, अमन भोई, सुनील धीतलहरे एवं देवेंद्र यादव महिला वर्ग कप्तान मिशा कुमारी, हर्षिका उपाध्याय, शिफा खान, आरती चौहान, अलका शर्मा, अंशिका शर्मा, नेहा शाह, सृष्टि, खुशबू गुप्ता, एवं गुनीता साहू है। पुरुष वर्ग में कोच एवं मैनेजर अनूप यादव व प्रशांत जेकब को बनाया गया है। वहीं महिला वर्ग में कोच प्रकाश विश्वकर्मा एवं मैनेजर इंद्राणी बनी है। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने टीम के सभी खिलाड़ियों को चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## स्क्रीन से होने वाली आंखों की समस्याओं के लिए बचाव जरूरी

# डिजीटल स्क्रीन आंखों को पहुंचा रहा नुकसान, हो सकती है 'डिजिटल आई स्ट्रेन' की गंभीर समस्या

आज के समय में बहुत से लोग अपनी दिनचर्या का अधिकतर समय किसी न किसी स्क्रीन के सामने ही बिताते हैं। ज्यादा देर तक स्क्रीन के सामने रहने से डिजिटल आई स्ट्रेन की समस्या हो सकती है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं, साथ ही इसके बचाव के उपाय भी जानेंगे।

आज की डिजिटल दुनिया में स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। ऐसे में अधिकतर लोग इन स्क्रीन्स पर अपना ज्यादातर समय बिताने लगे हैं। पहले के समय बच्चे कम से कम आउटडोर गेम खेलते थे, लेकिन अब मनोरंजन से लेकर काम तक, हर चीज इन्हीं स्क्रीन्स पर सिमट गई है। लेकिन इस सुविधा का एक नकारात्मक पहलू भी है, लंबे समय तक स्क्रीन पर समय बिताने से हमारी आंखों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, जिसे चिकित्सकीय भाषा में डिजिटल आई स्ट्रेन या कंप्यूटर विजन सिंड्रोम कहा जाता है।

यह सिर्फ आंखों की हल्की थकान नहीं है, बल्कि तेजी से बढ़ती हुई बड़ी समस्या है जो आंखों में जलन, सूखापन, धुंधलापन और लगातार सिरदर्द का कारण बन सकती है। ऐसे में, इस डिजिटल चुनौती के दौर में अपनी आंखों की सेहत का ध्यान



रखना बेहद जरूरी है। आइए इस लेख में हम इसी के बारे में विस्तार से जानेंगे कि डिजिटल आई स्ट्रेन क्या है और इससे कैसे बचा जा सकता है?


### डिजिटल आई स्ट्रेन क्या है?



डिजिटल आई स्ट्रेन एक ऐसी स्थिति है, जो लंबे समय तक डिजिटल स्क्रीन (कंप्यूटर, फोन, टीवी) के उपयोग से होती है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी (ब्लू लाइट), बार-बार पलक न झपकना, और अनुचित दूरी या रोशनी में काम करना इसके मुख्य कारण हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 50-90% लोग जो रोजाना 2-3 घंटे से ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताते हैं, इस समस्या से प्रभावित होते हैं। इसके लक्षणों में आंखों में दर्द, सूखापन, थकान, धुंधला दिखना, और सिरदर्द शामिल हैं।


### डिजिटल आई स्ट्रेन के कारण

लंबे समय तक स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करने से आंखों की मांसपेशियां थक जाती हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी रेटिना को नुकसान पहुंचा सकती है और स्लीप साइकिल को प्रभावित करती है। इसके अलावा कम पलक झपकने से आंखें सूखी रहती हैं, जिससे जलन और असहजता होती है। खराब रोशनी, गलत बैठने की मुद्रा, और स्क्रीन की गलत दूरी भी इस समस्या को बढ़ाते हैं। बचाव के आसान उपाय आपको जानना जरूरी है। इस समस्या से



बचने के लिए आप कुछ आसान उपाय अपना सकते हैं-

हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए स्क्रीन से हटकर 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखें। यह आंखों की मांसपेशियों को आराम देता है। आमतौर पर स्क्रीन देखते समय लोग कम पलक झपकाते हैं, जिससे आंखें सूखती हैं। सचेत रूप से बार-बार पलक झपकाएं। स्क्रीन की ब्राइटनेस को कम करें और नीली रोशनी को कम करने वाले फिल्टर या चश्मे का उपयोग करें। स्क्रीन को आंखों से 20-24 इंच की दूरी पर और आंखों के लेवल से सिर्फ 10-15 डिग्री नीचे रखें।



## दिनभर लैपटॉप पर काम करने से खतरा है गंभीर बीमारियों का

लैपटॉप आज के समय में बच्चों से लेकर बड़ों तक की जरूरत बन गया है। पर, क्या आप जानते हैं कि इसकी वजह से शरीर में कई बीमारियां पनप सकती हैं। आज के डिजिटल दौर में लैपटॉप हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ऑफिस का काम हो, ऑनलाइन पढ़ाई, मनोरंजन या फिर सोशल मीडिया, ज्यादातर लोग दिन के कई घंटे लैपटॉप के सामने बिताते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस लैपटॉप पर आप रोजाना काम करते हैं, वही आपकी सेहत के लिए खतरा भी बन सकता है?

यदि लैपटॉप की नियमित सफाई न की जाए और इस्तेमाल के दौरान सही सावधानियां न बरती जाएं तो कई तरह की बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। आइए जानते हैं कि लैपटॉप किस तरह आपकी सेहत को प्रभावित कर सकता है और इससे बचाव के लिए क्या कदम उठाने चाहिए। लैपटॉप कैसे बन सकता है बीमारी की वजह?

### कीबोर्ड पर पनपते हैं बैक्टीरियों से खतरा

कई बार लोग लैपटॉप इस्तेमाल करते समय चेहरे,



आंखों या मुंह को छू लेते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों में खुजली, एलर्जी या त्वचा संबंधी अन्य समस्याएं भी देखने को मिल सकती हैं। इसलिए लैपटॉप इस्तेमाल करने के बाद हाथ साफ करना जरूरी माना जाता है।

### आंखों पर पड़ता है बुरा असर

लगातार कई घंटों तक लैपटॉप स्क्रीन को देखने से आंखों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।इससे आंखों में सूखापन, जलन, खुजली, लालिमा और धुंधला दिखाई देने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विशेषज्ञ इस स्थिति को डिजिटल आई स्ट्रेन या कंप्यूटर विजन सिंड्रोम कहते हैं। स्क्रीन की तेज रोशनी और लगातार फोकस बनाए रखने के कारण आंखों की मांसपेशियां थक जाती हैं। समय रहते ध्यान न देने पर सिरदर्द और एकाग्रता में कमी की समस्या भी हो सकती है।

### गर्दन और पीठ दर्द की समस्या

लैपटॉप पर काम करते समय ज्यादातर लोग झुककर बैठते हैं, जिससे गर्दन और पीठ पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। लंबे समय तक गलत पोस्चर में बैठने से गर्दन में अकड़न, कंधों में दर्द और कमर दर्द की समस्या शुरू हो सकती है। लगातार ऐसा करने पर रीढ़ की हड्डी के प्राकृतिक संतुलन पर भी असर पड़ सकता है। वर्क फ्रॉम होम करने वाले लोगों में यह समस्या तेजी से बढ़ी है क्योंकि कई बार वे उचित कार्यस्थल का उपयोग नहीं करते।

### नींद की गुणवत्ता हो सकती है खराब

लैपटॉप और अन्य डिजिटल स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट शरीर के प्राकृतिक स्लीप साइकल को प्रभावित कर सकती है। रात में देर तक लैपटॉप का उपयोग करने से मेलाटोनिन हार्मोन का उत्पादन कम हो सकता है, जो अच्छी नींद के लिए जरूरी होता है।



## वर्ल्ड म्यू थाई चैम्पियनशिप में टिकेश्वरी और प्रवीण पदक की दौड़ से हुए बाहर

■ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से पदक की आस टूटी, लौटेंगे खिलाड़ी

**रायपुर।** आईएफएमए वर्ल्ड सीनियर म्यू थाई चैंपियनशिप 16 से 26 जून तक कुआलालंपुर (मलेशिया) में जारी है। यहां स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते छत्तीसगढ़ के दो खिलाड़ी पदक की दौड़ से बाहर हो गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ म्यू थाई एसोसिएशन (आईएफएमए) की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (यूएमएआई) अंतर्गत सीनियर महिला-पुरूष (23 वर्ष और 23 वर्ष से ऊपर) वर्ग की इस प्रतियोगिता जमें छत्तीसगढ़ से 02 महिला और 02 पुरुष म्यूथाई खिलाड़ी भाग ले रहे है।

छत्तीसगढ़ म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई संस्था आईएफएमए की ओर से खिलाड़ियों की फाइट के दिन वजन और पूर्ण मेडिकल चेकअप किया जाता है। जिसमें टिकेश्वरी साहू और प्रवीण कृष्ण जायसवाल का मेडिकल बोर्ड ने एग्जामिनेशन किया। जिसमें टिकेश्वरी साहू को उल्टी और शरीर में पानी की कमी के चलते वजन गिरने पर ₹अंडर वेट₹ होने और कमज़ोरी की वजह से प्रवीण कृष्ण जायसवाल के होटल जिम में अभ्यास के दौरान एंकल (टखने) में हेयर फ्रेक्चर का पता चलने पर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया गया। जिससे छत्तीसगढ़ के दोनो खिलाड़ियों को फाइट खेलने मेडिकल अनफिट घोषित कर दिया गया। साहू और मेमन ने बताया कि मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी 'अयोग्यता'



का हवाला देते हुए आयोजन समिति के निर्णय पर टिकेश्वरी साहू और प्रवीण कृष्ण जायसवाल का सफर क्वार्टर फाइनल में रुक गया और पदक के दावेदार छत्तीसगढ़ के दोनो खिलाड़ियों और भारतीय म्यूथाई खेमे में निराशा छा गई।

वहीं दोनो खिलाड़ियों को रिकवर करने के लिए एक दिन का अवसर दिए जाने भारतीय कोच के आपत्ति आवेदन पर अधिकारियों ने पूर्व निर्धारित व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए मांग को निरस्त कर दिया।

तरह छत्तीसगढ़ के चार खिलाड़ियों में केवल जगदलपुर (बस्तर) के युवराज सिंह राजपूत ने प्रथम आईएफएमए वर्ल्ड स्कूल चैंपियनशिप में अंडर-18- 86 किग्रा वजन वर्ग में भारत देश के लिए काँस्य पदक अर्जित किया है। जबकि रायपुर की समिधा अग्रवाल, रायपुर से टिकेश्वरी साहू (कोच-खेल एवँ युवा कल्याण दंतेवाड़ा, दक्षिण बस्तर) और प्रवीण कृष्ण जायसवाल अच्छे प्रदर्शन के बावजूद पदक विहीन रहे। अब समिधा, युवराज और अमन यादव (म्यूथाई फेडरेशन के एथलीट कमीशन के चैयरमेन, विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर के संचालक और अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी) 23 जून और टिकेश्वरी साहू व प्रवीण कृष्ण जायसवाल 27 जून को रायपुर लौटेंगे।

## बगैर सांचा इन आसान ट्रिक्स से बनाएं नरम और स्पंजी इडली



हर किसी के पास इडली और ढोकला बनाने का सांचा हो ये जरूरी नहीं है। ऐसे में आपको कुछ ऐसी ट्रिक्स जरूर जाननी चाहिए, जिन्हें ट्राई करके आप सांचे के भी इसे तैयार कर सकते हैं। हालांकि ये स्टीमर काफी सस्ता आता है, लेकिन फिर भी कई घरों में ये नहीं होता। ऐसे में अगर आप भी घर पर ढोकला या फिर इडली बनाना चाहते हैं तो कुछ ट्रिक्स को आजमाकर देख लें। इन ट्रिक्स से ढोकला या इडली बनाएंगे तो एकदम बाजार के जैसा ही बनेगा।

### स्टील की कटोरी इस्तेमाल करें

यदि आपके पास ढोकला या फिर इडली बनाने का सांचा नहीं है तो छोटी स्टील की कटोरियों का इस्तेमाल करें। इसके लिए कटोरी को लेकर उसमें पहले तो चारों तरफ तेल लगाएं, और फिर बैटर से आधा भर दें। अब इससे आप इडली या ढोकला बना सकते हैं।

### गहरी थाली का इस्तेमाल कर सकते हैं

अगर आपके पास गहरी थाली है तो उसमें आप ढोकला और इडली तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको एक ऐसी थाली लेली है जो पतीले या भगोने में फिट हो जाए। इसकमें ढोकला तैयार करने के लिए पहले पतीले में उल्टी कटोरियों को रख कर उसमें उतना पानी भरें कि कटोरी पूरी न भीगे। इसके बाद थाली में तेल लगाकर उसमें बैटर डालें और फिर कटोरियों पर रख दें।

गिलास तो हर घर में होता ही है तो इसका इस्तेमाल करके भी आप स्पंजी ढोकला और इडली तैयार कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले भगोने में पानी भरें और फिर गिलास में आधा बैटर भरकर उसे भगोने में रख दें।

## कार्नर न्यूज

## आपकी आदतें कर देती है बहुत से रिश्तों को बर्बाद

# हर बात मनवाना आपकी आदत है तो अनजाने में बन सकते हैं डोमिनेटिंग पर्सनैलिटी का हिस्सा

कुछ आसान से टिप्स से आप खुद में डोमिनेट करने की आदत है या नहीं, इसकी पहचान कर सकते हैं और समय रहते सुधार सकते हैंक्या आपको हर बार अपनी बात मनवाने की आदत है? क्या बहस में आप सामने वाले की बात सुने बिना ही फैसला सुना देते हैं?

अगर ऐसा है तो हो सकता है कि आप अनजाने में डोमिनेटिंग पर्सनैलिटी का हिस्सा बन चुके हों और ये रिश्तों में धीरे-धीरे दूरी ला सकता है। हर परिस्थिति में नेतृत्व लेना जरूरी हो सकता है लेकिन जब ये इगो और कंट्रोल में बदल जाए तब यह रिश्तों और आपकी खुद की पर्सनैलिटी को नुकसान पहुंचाता है। रिलेशनशिप में कंट्रोल नहीं, कनेक्शन जरूरी है। इसलिए अपने व्यक्तित्व को पहचानें। यहां कुछ आसान से टिप्स दिए गए हैं जिससे आप खुद में डोमिनेट करने की आदत है या नहीं, इसकी पहचान कर सकते हैं और समय रहते सुधार सकते हैं।

### बीच में बात काटना

अगर आप बातचीत के बीच में बार-बार किसी की बात काटते हैं या हमेशा अपनी राय पहले रख देते हैं तो यह डोमिनेटिंग बिहेवियर है। इस तरह का बर्ताव दूसरे को पसंद नहीं आता है और



वह आपसे बातचीत करने से बचते हैं। ऐसी स्थिति में दूसरों की बात पूरी होने दें और फिर उत्तर दें।

### हर फैसला आप ही लेते हैं?

दोस्ती, रिश्ते या दफ्तर में आप ही हर बार ₹क्या करना है₹ तय करते हैं तो यह संकेत है कि आप सामने वाले की सोच को जगह नहीं दे रहे। दूसरों के लिए भी सारे आप ही लेते हैं तो इस आदत को आज ही सुधार लें। जिस बात में दूसरे भी शामिल हों, वहां फैसला लेने से पहले बाकियों से सुझाव जरूर पूछें।

### बहस में हारना गवारा नहीं?

किसी वार्ता के दौरान आप हमेशा बहस की स्थिति में जीतने की कोशिश करते हैं या वाद-विवाद में जीतने के बाद घुमा-फिराकर अपनी ही बात को आगे रखते हैं तो यह भी डोमिनेशन का संकेत है। ध्यान रखें कि तर्क में जीत नहीं, समझदारी जरूरी है। हर बार बहस जीतने की कोशिश न करें, दूसरों की बात को समझें भी।

### आप चाहते हैं सब आपकी तरह सोचें?

जो लोग दूसरों को बदलने की कोशिश करते हैं या चाहते हैं कि उनकी राय को ही अंतिम माना जाए वो डोमिनेटिंग होते हैं। दूसरों को अपने मन के मुताबिक बदलने की बजाए उनके विचार, जीवनशैली और व्यवहार को अपनाएं। अगर इससे आपके बीच मतभेद होता है तो भी इसे स्वीकार करें, ना कि उन्हें बदलने के प्रयास में उनका व्यक्तित्व खत्म कर दें।

### आप दूसरों के इमोशंस को नजरअंदाज करते हैं?

कभी आपने सोचा कि आपकी बातें सामने वाले को हर्ट कर सकती हैं? अगर नहीं, तो यही सबसे बड़ा अलार्म है। आपका व्यवहार, बातें या आदतें अगर किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाएं और इस बात को आप अनदेखा कर देते हैं तो ये आपके डोमिनेटिंग बर्ताव का संकेत है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैटी और कनाडा के जस्टिन ट्रूडो इश्क में डूबे दिखे



अमेरिकी सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अचानक ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में साथ पहुंचकर फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। काफी वक्त से इनको साथ देखा जा रहा था लेकिन इस तरह पब्लिकली सामने आकर कैटी और जस्टिन ने अपने रिश्ते को जगजाहिर कर दिया है।

हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इश्क के चर्चे इन दिनों हर जुबान पर हैं। हाल ही में यह कपल ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में रेड कारपेट पर साथ दिखा। इस तरह दोनों ने अपने रिश्ते पर पक्की मुहर लगा दी। इस फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पूरी तरह से इश्क में डूबे नजर आए। इनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल है।

सोमवार यानी 8 जून को ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए।

ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरीः द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला।

### टॉलीवुड

## आखिरकार सामने आई 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट, फैंस एक्साइटेट




साउथ स्टार यश और कियारा आडवाणी की मच अवेटेड फिल्म 'टॉक्सिक' कई महीनों से पोस्टपोन हो रही थी। अब मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। जिसके बाद से फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। केवीएन प्रोडक्शंस ने यश और कियारा की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट अनाउंसमेंट कर दी है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। बता दें कि फिल्म अब 26 अगस्त 2026 को दुनियाभर में रिलीज होगी। इस पोस्ट के बाद फैंस अब फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'टॉक्सिक' को एक लव स्टोरी बताते हुए यश ने कहा था कि यह एक प्रेम कहानी है। इसमें एक गहरी प्रेम कहानी छिपी है। यह पिता-पुत्र के बदले की गाथा है। कच्ची भावनाओं और परतदार कहानी कहने का यही मिश्रण फिल्म को अलग बनाता है, जो भव्यता और गहराई दोनों का वादा करती है। इससे पहले यश ने 'टॉक्सिक' की तुलना ऑस्कर विजेता फिल्म सिनर्स से भी की थी।

बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून 2026 को रिलीज होने वाली थी। अब फिल्म 26 अगस्त को रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## खेसारी लाल का ये गीत 2 महीने बाद भी कर रहा ट्रेंड



खेसारी लाल यादव आज भोजपुरी का बड़ा नाम हैं या फिर ये कहें कि उनका नाम एक ब्रांड बन चुका है। वो किसी भी फिल्म या फिर गाने में होते हैं तो बवाल ही मचा देते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग अब तक बॉलीवुड में भी है। आलम ये हो गया है कि एक्टर और सिंगर का कोई गाना आता है तो वो ट्रेंडिंग लिस्ट में छा ही जाता है। ऐसे में उनका नया भोजपुरी सॉन्ग दो महीने बाद भी यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। दरअसल, खेसारी लाल यादव के जिस भोजपुरी गाने के बारे में बात कर रहे हैं उसके बोल 'कमर में दागी' है, जिसे यूट्यूब पर खूब देखा जा रहा है। इसे काफी पसंद किया जा रहा है। आलम ये है कि गाना रिलीज होने के बाद से ही छाया हुआ है। उनके इस गाने को खेसारी लाल के साथ ही शिल्पी राज ने भी गाया है और ये काफी मजेदार है, जिस पर कोई भी झूम उठता है।खेसारी लाल के भोजपुरी सॉन्ग 'कमर में दागी' यूट्यूब पर रिलीज के बाद से ही छाया हुआ है। इसमें खेसारी के साथ कोरियोग्राफर और रील स्टार सोना डे हैं, जिन्होंने अपनी बेहतरीन अदायकी से फैंस का दिल जीत लिया है। उनके डांस मूव्स बेहद की कमाल के हैं। वहीं, खेसारी के साथ सोना की केमिस्ट्री भी लाजवाब लग रही है। लाल साड़ी में उन्होंने अपनी सिजलिंग अदाओं से दिल ही जीत लिया है। भोजपुरी गाना 'कमर में दागी' को मिलियन्स में व्यूज मिल चुके हैं। गाने को दो महीने पहले ही 31 मार्च को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था और भोजपुरी वीडियो को अभी तक 62 मिलियन्स से ज्यादा व्यूज भी मिल चुके हैं। इतना ही नहीं, उनका ये गाना यूट्यूब पर म्यूजिक वीडियो की लिस्ट में टॉप 22 पर ट्रेंड कर रहा है। गौरतलब है कि सॉन्ग 'कमर में दागी' को खेसारी के साथ ही शिल्पी राज ने गाया है। म्यूजिक डायरेक्टर रोशन सिंह और लिरिक्स कुंदन प्रीत के हैं।

### लाइफ स्टाइल



ब्राइडल ट्रेंड्स

2026 में वैश्विक स्तर पर दुल्हनों के रुझान की बात करें तो बुनियादी सादगी से हटकर खुद को ज्यादा एक्सप्रेस करने अपनाए जाने वाले मेकअप और ड्रेस पर ध्यान है। इसी तरह कई बार अति नाटकीयता की झलक भी देखने को मिल रही है। दुल्हनों का रुझान अचानक नहीं बदला है बल्कि पिछले कुछ सालों से हैवी मेकअप ने इसका रास्ता साफ किया है।

## आउटफिट के साथ कैरी करें ट्रेंडी हैंडबैग

जब भी आउटफिट के साथ हम अपने फोन या अन्य सामान को लेकर जाते हैं, तो अक्सर अलग-अलग डिजाइन वाले हैंडबैग को कैरी करते हैं। लेकिन हर एक बैग हमारी आउटफिट के साथ अच्छा नहीं लगता है। ऐसे में हम उसे चेंज करने के बारे में सोचते हैं। इस बार आप आर्टिकल में बताए गए डिजाइन के हिसाब से अपने हैंडबैग को चूज करें। इससे आपको आउटफिट के साथ हैंडबैग कैरी करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

### हैंडबैग को आउटफिट के साथ कैसे करें मैच

आप अपने हैंडबैग को आउटफिट के साथ मैच कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको हैंडबैग के डिजाइन का खास ध्यान रखना होगा। साथ ही, आपको इसके पैटर्न को अपने सामान के हिसाब से चूज करना होगा। इससे आपको बैग कैरी करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

### ब्लैक ऐंड ब्राउन शेड वाला हैंडबैग

आप अगर चाहती हैं कि हैंडबैग हर आउटफिट के साथ मैच करे, तो ऐसे में आप ब्लैक और



ब्राउन कलर के कॉम्बिनेशन को चूज कर सकती हैं। इस तरह के कलर कॉन्ट्रास्ट वाले बैग काफी अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसे आप किसी भी कलर के आउटफिट के साथ आसानी से कैरी भी कर सकती हैं। इसमें आपको प्लेन से लेकर प्रिंटेड हर तरह के हैंडबैग का ऑप्शन मिल जाता है, जो स्टाइल करने के बाद अच्छा लगता है।

### चेक डिजाइन वाले हैंडबैग

अगर आपको ज्योमैट्रिकल पैटर्न वाली चीजें ज्यादा पसंद है, तो फोटो में नजर आने वाला हैंडबैग आप पसंद कर सकते हैं। इस तरह के हैंडबैग भी कैरी करने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको डबल शेड कलर मिलता है। साथ में लगने वाली गोल्डन चेन। इससे यह बैग और भी ज्यादा अट्रैक्टिव नजर आता है। साथ ही, इसे कैरी करने के बाद लुक भी क्लासी लगता है। मार्केट में इस तरह के बैग आपको आसानी से मिल भी जाते हैं।

### टेस्ल डिटेल वाला हैंडबैग

कई सारे लोग होते हैं, जिन्हें लैदर या कपड़े से बना बैग पसंद नहीं आता है। ऐसे में आप इस फोटो में नजर आने वाले बैग को कैरी कर सकते हैं। इस तरह के बैग में टेस्ल से डिटेलिंग वाला काम किया गया है। इसलिए हैंडबैग कैरी करने में अच्छा लग रहा है। इसे आप किसी भी आउटफिट के साथ आसानी से कैरी कर सकती हैं। साथ ही, इवेंट या रोजाना ऑफिस और कॉलेज ले जानें के लिए भी यह काफी अच्छा डिजाइन वाला बैग है।

## इन दिनों ट्रेंड में हैं रफल साड़ी, हर तरह के फंक्शन के लिए



फैशन की दुनिया में रोजाना नए-नए बदलाव होते रहते हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाएं चाहती है कि वह भीड़ से हटकर और कुछ डिफरेंट लुक क्रिएट करें। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी लेटेस्ट रफल साड़ी डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप डिफरेंट और गॉर्जियस लुक क्रिएट कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी इन दिनों बहुत चर्चा में है।



### रफल साड़ी के डिजाइन

अगर आप भी एक जैसी साड़ी पहनकर बोर हो गई है और कुछ यूनिक ट्राई करना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह की खूबसूरतसफ़ेद ऑर्गेना रफ़ल साड़ी ट्राई कर सकती है। ऐसी साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह देखने को मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ आप एक्सेसरीज और मेकअप कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।



### ऑर्गेंज़ा रफल्स साड़ी

अगर आप हर फंक्शन में पहनने के लिए कोई खूबसूरत साड़ी देख रही है, तो ऐसीऑर्गेंज़ा रफल्स साड़ी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इस तरह की साड़ी अधिकतर महिलाएं पहनना पसंद कर रही है। इस साड़ी को आप नजदीकी बाजार से खरीद सकती है या ऑनलाइन भी घर बैठे मंगा सकती हैं। इस साड़ी के साथ आप कंट्रास्ट ब्लाउज भी शामिल कर सकती है।

### हल्के हरे रंग की प्रिंटेड रफल साड़ी

अपने लुक को चेंज करने के लिए और भीड़ से अलग दिखने के लिए आप एक जैसी साड़ी पहनने के बजाय इस खूबसूरत हल्के हरे रंग की प्रिंटेड रफ़ल साड़ी को भी ट्राई कर सकती है। इस तरह की साड़ी भी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। इसके साथ आप एक्सेसरीज और मेकअप कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इस साड़ी को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

## ऑयली स्किन पर लगाएं ये खास फेस पैक, मिलेंगे गजब के फायदे

जब भी स्किन ज्यादा ऑयली होती है, तो इसकी वजह से चेहरे पर दाने या अन्य समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप हफ्ते में 1 बार फेस पैक का इस्तेमाल जरूर करें, ताकि स्किन हेल्दी रहे।

### फेस पैक लगाने के क्या होते हैं फायदे

फेस पैक को लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्स्ट्रा गंदगी साफ हो जाती है। साथ ही, चेहरे का रंग भी निखरता है। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 1 बार करें। इसके बाद आपको पार्लर जानें कि या महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आपकी त्वचा में नेचुरली निखार नजर आएगा। बस आपको ऑयली त्वचा के हिसाब से फेस पैक की सामग्री को चूज करना होगा।

### चंदन और दही का फेस पैक

चेहरे पर आप चंदन और दही के फेस पैक को लगा सकती हैं। इस तरह के फेस पैक को लगाने से आपकी त्वचा साफ हो जाएगी। साथ ही, आपके चेहरे पर अलग निखार नजर



आएगा। इसके लिए आपको इसे आसान तरीके से बनाने की जरूरत है।

### चंदन और दही का फेस पैक

इसके लिए आपको पहले एक कटोरी में 2 चम्मच चंदन पाउडर लेना है। अब इसमें 2 चम्मच दही को मिक्स करना है। हल्की सी हल्दी को मिक्स करें और पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं। फिर इसे कुछ देर के लिए सूखने दें। इसके बाद चेहरे को पानी से हाथों से रब करके साफ करें। इसे लगाने से चेहरे पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल साफ हो जाएगा।

## घुंघरू पायल डिजाइन आपको पैरों की खूबसूरती में लगा देंगे चार चांद

महिलाएं अपनी खूबसूरती को कायम रखने के लिए कई प्रयास करती है। इनमें से कुछ महिलाएं आउटफिट से लेकर एक्सेसरीज तक हर एक चीज परफेक्ट मैच कर पहनना पसंद करती है। अगर आप भी अपने लुक को डिफरेंट और एलिगेंट टच देना चाहती है, तो कुछ ऐसे घुंघरू डिजाइन पायल आपको देखने चाहिए जो आपके पैरों की खूबसूरती को और बढ़ा देंगे।

### घुंघरू पायल डिजाइन

अगर आप अपने पैरों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं और इन्हें डिफरेंट लुक देना चाहती हैं, तो आप इस तरह के सिल्वर घुंघरू पायल डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे पायल आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह देखने को मिल सकते हैं। इस तरह की पायल को आप अपने किसी भी आउटफिट के साथ पहन सकती हैं।

### ऑक्सीडाइज्ड घुंघरू पायल

आप चाहे तो इस खूबसूरत घुंघरू पायल डिजाइन को भी पहनकर अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। इस तरह के पायल भी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन



दोनों जगह मिल जाएंगे। यह पायल आपके पैरों को स्टाइलिश और मॉडर्न टच देने के साथ-साथ आपके लुक को भी एलिगेंट टच देने में बेहद मदद करेंगी। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत लग सकती हैं। एक जैसे पायल डिजाइन पहनकर अगर आप भी बोर होने लगी है, तो अब अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप इस तरह के घुंघरू पायल डिजाइन भी ट्राई कर सकती हैं। ऐसे पायल आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाएंगे और आपको डिफरेंट लुक देने में मदद करेंगे। आप ऐसे पायल डिजाइन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती है।

### कार्नर न्यूज

### आपकी पर्सनालिटी का आईना होती है शानदार हेयर स्टाइल

## सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिंग रूल्स अपनाकर देखिए, लोग फिदा हो जाएंगे आपके बालों पर

क्या कभी आपने सोचा है कि कुछ लोगों के बाल इतने शानदार क्यों दिखाई देते हैं? जबकि कुछ लोगों के बाल कभी भी उनके कंट्रोल में नहीं रहते हैं। इसके अलावा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि, वो अपने बालों को मैनेजबल रखने की कितनी कोशिश करते हैं।

ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि, कुछ पुरुष अपनी हेयर स्टाइल और बालों के लिए कुछ नियमों का पालन करते हैं। मानो या न मानो, जब हम अपने बालों की बात करते हैं, तो हम पुरुष बहुत ही नखरे करते हैं। हम में से अधिकांश लोगों पर, नियम का पालन न करने की वजह से ही प्रोडक्ट और रूटीन कोई असर नहीं करते हैं। जब तक आप कुछ बुनियादी नियमों का पालन नहीं करेंगे तब तक कुछ भी आपकी मदद नहीं कर सकता है।

इसलिए, हम आपको सेलिब्रिटीज के द्वारा फॉलो किए जाने वाले हेयर स्टाइलिंग रूल्स के बारे में जानकारी देंगे। ये रूल किसी भी हेल्दी बालों वाले पुरुष के द्वारा फॉलो किए जाने चाहिए, फिर चाहे वो मॉडल, एक्टर या कोई कॉमन मैन ही क्यों न हो।



### बालों को चिपचिपा और ऑयली न रखें

हालांकि, नियमित रूप से आपके बालों में तेल लगाना अच्छा होता है, लंबे समय तक उस तेल को लगाकर छोड़ देना बिल्कुल भी अच्छा विकल्प नहीं है। ये बात एकदम सच है कि, स्कैल्प का बहुत ज्यादा ऑयली या चिपचिपा होना बालों की सेहत के लिए एकदम ठीक नहीं है। ऑयली स्कैल्प से कमजोर बाल निकलते हैं। इसके अलावा, उनकी ग्रोथ ठीक न होने से वो आसानी से डैमेज झेलकर टूट भी सकते हैं।

यदि आप इन बातों का ध्यान नहीं रखते हैं, तो चाहे आप कितने भी बढ़िया कंडीशनर का इस्तेमाल करें या आपका शैम्पू कितना भी महंगा क्यों न हो, आपके बालों के लिए कुछ भी काम नहीं करेगा। अपने बालों को स्टाइल करना और एक सभ्य दिखने वाली स्टाइल में



ट्रांसफॉर्म कर पाना भी लगभग असंभव हो जाता है।

### बालों को सूट करने वाले अच्छे प्रोडक्ट खरीदें

हेयर स्टाइल और हेयर केयर प्रोडक्ट्स की बात करते हुए, सुनिश्चित करें कि आप कमजोर क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का उपयोग नहीं कर रहे हैं। यह जरूरी है कि आप सही प्रोडक्ट को खरीदने से पहले थोड़ी सी रिसर्च जरूर करें।

कुछ समय और पैसा लगाने के बाद वही प्रोडक्ट खरीदें जो आपके लिए सबसे अच्छा काम करता है। ये बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि, बालों के लिए अच्छे प्रोडक्ट बहुत महंगी कीमत पर ही मिलते हैं। मार्केट में बजट प्रोडक्ट्स भी मौजूद हैं। लेकिन ध्यान उनकी क्वालिटी पर ही फोकस रखें। अगर आप बहुत अधिक कंफ्यूज हैं, तो त्वचा रोग विशेषज्ञ से परामर्श कर सकते हैं। वो आपको बालों और स्किन के हिसाब से सही प्रोडक्ट चुनने में मदद कर सकते हैं।

### बालों के टेक्सचर और घनत्व का ध्यान रखें

आपके पास जैसे भी बाल हैं, उन्हें पूरे मन से स्वीकार करें। यदि इसमें स्वाभाविक रूप से मोटी बनावट है, तो इसे बदलने की कोशिश न करें। यदि आपके बालों का स्वाभाविक रूप से पतला घनत्व है, तो कोई भी प्रोडक्ट या रूटीन आपकी मदद नहीं कर सकता है।